

सूर्योदय प्रातः 6:30 | सूर्यास्त संध्या 5:34 | पखवाड़ा माघ कृ. अमावस्या, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 09°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 29 जनवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 344, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,901.41 | 535.24 (0.71%) |
| निफ्टी | 22,957.25 | 128.10 (0.56%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 80,750.00 |
| चांदी | 1040.00 |

## एक झलक

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज

**रांची** : राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक बुधवार 29 जनवरी को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### कोयला व्यापारी के घर पर ईडी का छापा

**गुवाहाटी** : नगर के बशिष्ठ चाराली इलाके में स्थित 'जियो तारा' नामक इमारत में कोयला कारोबार से जुड़े व्यवसायी सुनील बंसल के फ्लैट नंबर 301 पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को छापा मारा। खबर है कि इस छापा में बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्त किये हैं। छापेमारी के बाद ईडी की टीम वहां से दोपहर बाद उनके फ्लैट से निकल गयी। ईडी ने इस कार्रवाई को पूरी तरह से गोपनीय रखा है। आगे की जांच चल रही है।

### निर्वाण महोत्सव का मंच गिरा, पांच की मौत

**बागपत** : उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के बड़ौत में जैन समाज के निर्वाण महोत्सव के दौरान आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के दौरान मंच गिरने से 60 लोग घायल हो गये, जबकि अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। घायलों को आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहानि पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिये कि मौके पर पहुंच कर पीड़ितों को हर प्रकार की मदद पहुंचायी जाये।

### एच5एन1 का बढ़ता जोखिम समूची दुनिया के लिए चिन्ता का सबब

**चेन्नई** : एवियन इन्फलूएंजा ए (एच5एन1) यानी बर्ड फ्लू महामारी का बढ़ता जोखिम समूची दुनिया के चिन्ता का सबब बनता जा रहा है। इस वायरस से लाखों पक्षियों की मौत हो चुकी है। अमेरिका के छह राज्यों में बड़ी संख्या में मवेशी संक्रमित हैं। यह वायरस मानवों के लिए महामारी के रूप में एक बड़ा खतरा हो सकता है। बर्ड फ्लू महामारी के खतरे के बीच वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की घोषणा से पूरे विश्व के चिकित्सा वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक बहुत चिन्तित हैं।

# सतत एवं समावेशी विकास पर आधारित बजट हो : हेमन्त

■ मुख्यमंत्री ने अबुआ बजट 2025-26 के निर्माण को लेकर बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संसाधनों के बेहतर से बेहतर इस्तेमाल करने पर दिया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिये एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सकें। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट-2025- 26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिये हैं। इन सुझावों पर गम्भीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।



**आर्थिक संसाधन होंगे, तभी विकास का पहिया आगे बढ़ेगा**

**मुख्यमंत्री** ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे, राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के सम्भावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठायें।

**कम संसाधनों के बाद भी विकास कार्य हुए हैं और आगे भी होंगे**

**मुख्यमंत्री** ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किये हैं। ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

**लम्बी अवधि को ध्यान में रख कर कार्य योजना बननी चाहिए**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सतत विकास के लिए लम्बी अवधि को ध्यान में रख कर योजनाएं बननी चाहिए। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है। अगर नींव मजबूत होगी, तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनायी जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है, ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने कहा

- ऐसा बजट दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सके
- सतत विकास के लिए लम्बी अवधि को ध्यान में रख कर योजनाएं बननी चाहिए
- बजट की जो राशि खर्च होती है, उसके आउटकम तथा उपयोगिता का भी आकलन हो
- राजस्व संग्रहण की नयी सम्भावनाओं को तलाशने के लिए उठाये जा रहे हैं ठोस कदम
- अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने अनेक उतार-चढ़ाव बीच गढ़े हैं कई नये आयाम

# ओड़िशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ओड़िशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे।
प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में यह ओडिशा की उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि उत्कर्ष ओड़िशा राज्य में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार सम्मेलन है। इसमें पांच से छह गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए राज्य के लोगों और ओड़िशा सरकार को बधाई दी।
प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानते हैं और ओड़िशा की इसमें बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है, जब ग्लोबल ग्रोथ में भारत की बड़ी हिस्सेदारी थी, तब पूर्वी भारत का अहम योगदान था। पूर्वी भारत में देश के बड़े इंडस्ट्रियल हब थे, बड़े पोर्ट्स थे, ट्रेड हब थे। ओड़िशा साउथ ईस्ट एशिया में होने वाले ट्रेड का प्रमुख सेंटर हुआ करता था। यहां के प्राचीन पोर्ट्स एक प्रकार से भारत के गेट-वे हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि ओडिशा असाधारण है। ओड़िशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। यहां अवसर भी है और यहां के ● शेष पृष्ठ 11 पर



### जेजेएमपी के एरिया कमांडर जितेंद्र सिंह गिरफ्तार

**लातेहार** : लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर जितेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित छापामारी दल ने पेशेवर ढंग से कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात सेमरियाटांड़ गांव के पास जंगल में छिपे बजरंगी को धर दबोचा। घटना का विवरण : 23 जनवरी 2025 को रात करीब 10 बजे जेजेएमपी के एरिया कमांडर जितेंद्र सिंह और उसके सहयोगियों ने लातेहार जिले के बेन्दी पंचायत के युगल किशोर सिंह के घर पर हमला कर दरवाजे व खिड़कियां तोड़ने का प्रयास किया।

## एसपी के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई, एसजेएम संगठन का सुप्रीमो किशोर नायक मारा गया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एसजेएम संगठन के सुप्रीमो किशोर नायक और उसके साथियों की गतिविधियों पर लगाम कस दी। किशोर नायक अपने 08 साथियों के साथ सेरक और किताडीह में स्थित ईंट भट्ठों में लेवी मांगने और गोलीबारी की घटनाओं में शामिल था। प्राप्त सूचना के अनुसार, किशोर नायक ने ईंट-भट्ठा मालिकों को धमकाते हुए लूटपाट की। इस दौरान उसने ग्रामीणों और पुलिस बल पर भी गोलीबारी की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार और चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने त्वरित कार्रवाई की। ग्रामीणों के सहयोग से दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। भागने की कोशिश में किशोर नायक ने ग्रामीणों पर गोली चलायी, जिससे नाराज ग्रामीणों ने उसे काबू में करते हुए घायल कर दिया। उसे चंदवा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज ● शेष पृष्ठ 11 पर

### मंत्री चमरा लिंडा ने जारी किया शिक्षा कैलेंडर

## शिक्षा एवं स्वास्थ्य के स्तर में गुणात्मक सुधार लाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : चमरा लिंडा



- राज्य के 59 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों सहित सभी आवासीय विद्यालयों में वर्ग 06 से 08 में नामांकन की परीक्षा 09 मार्च को की जायेगी आयोजित
- 05 फरवरी से 28 फरवरी तक लिये जायेंगे आवेदन
- 20 अप्रैल तक नामांकन की प्रक्रिया कर ली जायेगी पूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मंत्री श्री लिंडा मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स पहुंच कर आदिवासी कल्याण राज्य अन्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन तथा विद्यार्थियों के अध्ययन से सम्बन्धित कई महत्त्वपूर्ण ● शेष पृष्ठ 11 पर

## दिल्ली चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी ने वाल्मीकि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को नयी दिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किया और देश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन करने के उपरांत राहुल गांधी ने निकटवर्ती बस्ती में नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। दरअसल, दिल्ली में आम



आदमी पार्टी की सरकार में निजीकरण और संविदा नियुक्ति की नीति ने कई लोगों को बेरोजगार कर दिया है और हजारों लोगों को उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ ● शेष पृष्ठ 11 पर

### आईपी यूनिवर्सिटी में दाखिले की ऑनलाइन प्रक्रिया 01 से

**नयी दिल्ली** : गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) से सम्बद्ध 106 कॉलेजों और 18 विश्वविद्यालय स्कूलों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में 40 हजार से अधिक सीटों पर अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक फरवरी से शुरू हो जायेगी। कक्षाएं अगस्त से शुरू होंगी। यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर में आयोजित आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा ने स्नातक, परा-स्नातक और पीएचडी कार्यक्रमों की दाखिला पुस्तिकाएं जारी कीं।

# महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान आज, श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले लगायेगा आस्था की डुबकी

**एजेंसी**

**महाकुम्भ नगर** : तीर्थराज में महाकुम्भ की भव्य शुरूआत हो चुकी है। मकर संक्रांति को महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान के बाद 29 जनवरी (बुधवार) को दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या को होगा। प्रयागराज महाकुम्भ मेला प्रशासन ने दूसरे अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के स्नान का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अनुमान है कि इस दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगायेंगे।
श्रीदूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने मंगलवार को बताया कि मौनी अमावस्या पर सबसे पहले श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी व श्रीशम्भु पंचायती अटल अखाड़ा स्नान करेगा। दोनों अखाडे. अपने शिविरों से प्रातः 04 बजे प्रस्थान कर संगम घाट पर प्रातः 05 बजे पहुचेंगे। 40 मिनट के स्नान के बाद प्रातः 05.40 पर घाट से प्रस्थान कर अखाड़े प्रातः 06.40 पर अपने शिविरों में पहुंच जायेंगे।
दूसरे स्थान पर श्रीतपोनिधि पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा एवं श्रीपंचायती अखाड़ा आनन्द अमृत स्नान करेगा। इसका शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 4.50 बजे, घाट पर आगमन का समय 5.50 बजे होगा। स्नान का समय 40 मिनट रहेगा।



■ मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ मेला प्रशासन ने जारी किया अखाड़ों के स्नान का कार्यक्रम




## एक झलक

### बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज खोलने के लिए हुई समीक्षा बैठक

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज खोलने के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सत नारायण मुंडा ने की और संचालन अभय प्रसाद ने किया। विधायक सुरेश कुमार बैठा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि जिप सदस्य रामजीत गंझू विशिष्ट अतिथि थे। बैठक में 14 पंचायत के मुखियाओं का स्वागत किया गया और शिक्षा एवं डिग्री कॉलेज के बारे में सुझाव लिए गए। विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि बुढ़मू में डिग्री कॉलेज खोला जाएगा, जिससे छात्रों को उच्च शिक्षा प्रखंड में ही मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि विधायक मद से बुढ़मू डिग्री कालेज के लिए 50 लाख एवं बस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे छात्रों को रांची में तकनीकी शिक्षा प्रखंड करने में आसानी होगी। मौके पर राजू उरांव, रामवृत मुंडा, अनुपा उरांव, ललिता देवी, गंगोत्रि देवी, जयंती देवी, सीता देवी, विनोद मुंडा, गोबरधन लोहरा, डा मदन महतो, तपेश्वर मिश्रा, तस्लीम अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### लापुंग में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**लापुंग :** झामुमो के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर लापुंग में जिला अध्यक्ष मुन्ना बड़ाइक की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों नए सदस्यों को झामुमो से जोड़ा गया। इस दौरान लापुंग में सदस्यता अभियान को चलाने के लिए 21 सदस्यीय संयोजक कमेटी का गठन किया । मौके पर मुन्ना बड़ाईक ने कहा कि आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व झामुमो से प्रभावित होकर रोज सैकड़ों की संख्या में लोग झामुमो का दामन थाम रहें हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष मंगा तिर्की ने कहा कि अब शुरूआत हो चुकी है। आगे लापुंग प्रखंड क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोगों को झामुमो का सदस्यता दिलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंगा तिर्की, प्रवीण कुमार, इमरान खान, राजेश गुप्ता, अहमद रजा, ऐजाज अहमद समेत कई लोगों का योगदान रहा।

### बरकाकाना ट्रैफिक कॉलोनी के एक घर लाखों की चोरी

**बरकाकाना :** ट्रैफिक कालोनी में बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा दो घरों में चोरी का प्रयास किया। जिसमें रेलवे क्वाटर संख्या 420/बी रेल कर्मी धीरज चौधरी परिवार सहित घर बंद कर पटना गये थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगद दस हजार रुपए व जेवरात की चोरी कर लिया। धीरज चौधरी ने बताया कि पटना से जब सुबह घर आया तो देखा कि घर का ताला टुटा हुआ है। जब घर को के अंदर गया तो पाया कि अलमीरा को तोड़कर उसमें रखे नगद सहित जेवरात की चोरी कर लिया गया है। सात ही सभी कमरों में समान विखरा पड़ा था। चोरी की सूचना राजकीय रेल थाना को दिया गया। घटना स्थल पर जीआरपी पुलिस ने छानबीन किया। वहीं बगल में ही सचिन कुमार के घर का भी ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन चोर सफल नहीं हुए। सचिन कुमार भी घर से बाहर गये हुए थे। बरकाकाना में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है।

### अनियमितता को लेकर तात्कालीन प्रधान लिपिक जिला प्रवीण कुमार सिन्हा पर कार्रवाई

**रामगढ़ :** एनएच 33 के चौड़ीकरण अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में वित्तीय अनियमितता संबंधित मामले में प्रवीण कुमार सिन्हा तत्कालीन प्रधान लिपिक जिला भूअर्जन कार्यालय रामगढ़ के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। संबंधित मामले में प्रवीण कुमार सिन्हा के विरुद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा संचालन पदाधिकारी के समक्ष समर्पित बचाव बयान एवं संचालन पदाधिकारी के मंतव्य की समिक्षोपरांत प्रमाणित आरोपों के लिए प्रवीण कुमार सिन्हा के विरुद्ध झारखंड पेंशन नियमावली के नियम 45 बी के तहत स्थाई तौर पर 10% पेंशन से राशि कटौती का दंड उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिरोपित किया गया है।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान पर उपायुक्त ने की बैठक

# डीसी ने दिलायी कुष्ठ जागरूकता शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के आलोक में 30 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक चलाए जाने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान राज्य समन्वक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम झारखंड रांची डॉक्टर गौतम के द्वारा उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, कुष्ठ रोग के उपचार व रोकथाम हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु किए जाने वाले कार्यों आदि की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आदि में जाने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लोगों को जागरूक करने हेतु ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों एवं रोग के उपचार आदि के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी को जिले को कुष्ठ मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ने, कुष्ठ रोगियों की यथाशीघ्र पहचान हेतु हर संभव प्रयास करने, लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिले में उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव उपयोग करने, जो भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ना ही किसी अन्य को इसकी इजाजत देने, व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव एवं घृणा खत्म करने के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान देने से संबंधित शपथ दिलाई। गौरतलब होकि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत विगत 5 वर्षों में जिन भी गांव में कुष्ठ रोग से पीड़ित पाए गए हैं उन गांवो में सर्वे किया जाएगा।

## शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा वैद्यनाथधाम देवघर के सदस्यों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा वैद्यनाथधाम, देवघर के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 26 फरवरी को बाबा मंदिर, देवघर में आयोजित होनेवाले शिव बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में शिवरात्रि महोत्सव समिति देवघर के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर के पूर्व महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर, मंत्री अरुणानन्द झा, चंद्रशेखर खवाड़े, अपूर्वानन्द झा और धर्मेन्द्र सिंह शामिल थे।

## कुकिंग प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय ककरिया ने मारी बाजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस दौरान ककरिया संकुल में साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता की देखरेख में किया गया। जिसमें मध्य विद्यालय ककरिया पहला स्थान जबकि दुसरा मध्य विद्यालय चंपाडिह व तीसरे स्थान पर मध्य विद्यालय खंटगा रहा। इस प्रतियोगिता संकुल के विद्यालयों में कार्यरत रसोईया ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस दौरान सभी न एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन बनाए । जिसमें पुलाव , चटनी , दाल , मडुवा के व्यंजन अंडा कढही, मुनगा फुल समेत कई तरह के व्यंजन बनाए गए। खाना बनाने के उपरांत अलग-अलग स्कूलों से आयें बाल संसद के बच्चों के द्वारा खाना को चख कर पोशाक और सफाई स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नंबर दिए गए जिसमें सबसे अधिक अंक पाने वाले स्कूल की रसोईयों विजेता बनीं । कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्य विद्यालय ककरिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, समीउल्लाह हक, जितेंद्र उरांव, सुरज कुमार, उर्मिला कुमारी, रुतबेरनादत लकड़ा, समेत विभिन्न स्कूलों से आयें शिक्षकों का योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के अन्य संकुलो में भी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

## रांची विवि का दीक्षांत समारोह 07 मार्च को

**रांची :** रांची विश्व विद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह सात मार्च को होगा। मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार होंगे। समारोह में स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों के 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इनमें 15 मेडल स्पांसर होंगे। विवि प्रशासन ने मंगलवार को बताया गया कि मेडिसिन में ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री, मेडिसिन एमडी तथा काउंसलिंग इन साइकोलॉजी के अवार्ड की घोषणा रिजल्ट जारी नहीं होने के कारण नहीं की जा सकी है। जारी लिस्ट में अगर किसी विद्यार्थी को कोई आपत्ति है, तो वे 31 जनवरी तक अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ परीक्षा नियंत्रक के पास दर्ज करा सकते हैं। कुल 77 में अब तक 59 मेडल लड़कियों के नाम है।

## सिरा सीता पैदल यात्रियों का बेड़ो में किया भव्य स्वागत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** 22 पड़हा सरना प्रार्थना सभा सदमा ओरमांझी के 200 पैदल यात्रियों का दल मंगलवार की अपराह्न साढ़े तीन बजे बेड़ो में पहुंचा। जहां पैदल यात्रियों का बचपन बिरसा स्कूल के निदेशक वीरेंद्र तिर्की की अगुवाई में बेड़ो वासियों ने गाजे बाजे के साथ पारंपरिक तरीके से फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। साथ ही स्कूल परिसर में विश्राम कराकर भोजन कराया गया। यह पदयात्रा सिरसी - ता नाले पैदल दर्शन के लिए 27 जनवरी को निकली है। पदयात्रा का उपासक अंजन मुंडा ने बताया कि वे आदिवासियों के पवित्र धर्म स्थल को बताने के संकल्प को लेकर निकले है। यह यात्रा गुमला जिला के डुमरी प्रखंड में स्थित आदिवासी समाज की आस्था सिरासीता नाले से जुड़ी हुई है जिसकी पूजा दर्शन के लिए निकले वहां पहुंचकर हमारी यात्रा पूरी होगी। इनके साथ यात्रा की अगुवाई कर रहे सन्नी पहान अध्यक्ष ललिता पहान उपाध्यक्ष पम्मी मुंडा कोषाध्यक्ष पुष्पा उरांव सचिव रितेश मुंडा सहायकर्ता महावीर उरांव, सधन उरांव,चरे भगत,रमेश चंद्र उरांव, सुनील पहान,पार्वती उरांव, विजय उरांव, नारायण उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग है। वहीं स्वागत करने वालों में सुशील कच्छप, बिरजू तिर्की, अनिल उरांव, सुका उरांव, अनिल उरांव, अरुण उरांव, दिलीप उरांव, चारों तिग्गा, राजकुमार उरांव, आशा उरांव, विनीता उरांव, बसंती उरांव, सधनी उरांव, सुमारी उरांव, मनी उरांव, पूनम उरांव, रेशमा उरांव सहित कई लोग थे।

## विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की एक छात्रा को मिलेगा मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कॉलेज मोड़ स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की कक्षा नौंवी की छात्रा अनामिका कुमारी ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में पास कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस खुशी में मंगलवार को विद्यालय की छात्रा को विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश महतो व स्कूल के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ओम प्रकाश महतो ने कहा कि उन्हें भी ऐसी उपलब्धि हासिल करने के लिए कड़ी पढ़ाई के ईमानदारी के साथ साथ मेहनत करने की जरूरत है तभी इस तरह कामयाबी मिलती हैं। उन्होंने अनामिका को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दिया। मौके पर स्कूल की शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## लापुंग में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों तथा चौक चौराहों पर तिरंगा झंडा फहराया गया तथा सलामी दी गई एवं मिठाइयां बांटी गई,तथा शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,साथ ही रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम भी संपन्न हुए। मुख्य समारोह प्रखंड़ मुख्यालय स्थित स्टेडियम में हुआ , जहां मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने झंडोत्तोलन किया। जिसके बाद प्रखंड क्षेत्र विभिन्न स्कूलों से आयें छात्र छात्राओं ने आकर्षक झांकी निकाली। झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की स्थिति ने शील्ड देकर सम्मानित किया । इस मौके पर पुर्व मंत्री बंधु तिर्की को किसान कांग्रेस मोर्चा के अध्यक्ष अफताब आलम, जयंत बारला व मंगा तिर्की ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## गोला स्थित केनरा बैंक के निकट के .के . बाजार का हुआ शुभ उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ बोकारो मार्ग पर स्थित केनरा बैंक के निकट मंगलवार को के. के. बाजार का शुभ उद्घाटन दुकान के प्रोपाइटर नंद किशोर प्रसाद कुशवाहा एवं नीलम देवी के द्वारा संयुक रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राहकों के अनुरूप सभी प्रकार के कपड़े थोक एवं खुदरा किड्स वेयर, लेडिस वेयर, मेंस वेयर आदि आधुनिक डिजाइन के कपड़े किफायती दरों पर उपलब्ध है। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर सम्बन्ध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने को लेकर आश्वस्त किया। मौके पर अभिषेक कुमार, अजय कुमार, संजय कुमार, सुनील कुशवाहा, संदीप कुमार, राहुल कुमार, आशीष कुमार, दीपेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## रकुआ पंचायत में फिर जंगली हाथियों ने कहर बरपाया

# घरों व फसलों को पहुंचाया नुकसान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला वन क्षेत्र में इन दिनों लगातार जंगली हाथियों का कहर जारी है। इसी कड़ी में सोमवार की रात जंगली हाथियों ने रकुआ पंचायत क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। जंगली हाथियों के उत्पात की वजह से कई ग्रामीणों के मकान नष्ट हो गए हैं तथा किसान के खेतों में तैयार फसलों को खाकर या रौंदकर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर मंगलवार की सुबह रकुआ पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सुरेश कुमार रजक ने घटनास्थल पर पहुँचकर हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी तथा किसानों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन कर उन्हें विधिसम्मत उचित मुआवजा देने की माँग की है तथा जंगली हाथियों से किसानों को सुरक्षा प्रदान करने की माँग की। जानकारी के अनुसार पिछले पन्द्रह दिनों क्षेत्र के ग्रामीण एवं किसान जंगली हाथियों के आतंक से जूँझ रहे है, शायद वन विभाग के पास इसका न तो ठोस उपाय है और ना ही इसका स्थाई हल है। नुकसान प्रभावित किसानों में लालू महतो, विजय महतो, फुटेश्वर महतो, गोपाल महतो, तनिक महतो, कौशल्या देवी सहित कई अन्य शामिल हैं।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने की आत्महत्या

**बेड़ो :** नरकोपी थाना क्षेत्र के करगे पहान टोली गांव निवासी मानसिक रूप से विक्षिप्त 40 वर्षीय एक युवक माना मुंडा ने कुऐं में लगी लकड़ी से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना सोमवार की रात की है। इस संदर्भ में मृतक की पत्नी खदिया मुंडाईन के फर्द बयान पर एक यूडी केस का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि माना मुंडा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सोमवार की देर रात वह घर से बाहर निकला। साथ ही गर्दन पर साड़ी लपेटकर कूंए में लगी लकड़ी से बांधकर नीचे की ओर कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर इसकी सूचना मिलते ही नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर घटना की सूचना मिलने पर उप प्रमुख मुदस्सीर हक ने गांव पहुंचकर मृतक के स्वजनों ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक सहयोग किया।


## बेड़ो में मूलवासी सदनों का संसद सह मिलन समारोह आज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा मैदान में बुधवार को मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आहूत सदान संसद सह मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा विधि व्यवस्था और सभी कार्यो के लिए प्रखंड के सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि सदान-संसद में खुलासा बहस होगा कि मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से सरकार क्यों वंचित कर रही है। इस मिलन समारोह में आगे की रणनीति तय कर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार कर गांव-गांव तक मुखर हो कर आन्दोलन को धार देने के उद्देश्य से सदान-संसद सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस वृहत मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद विशिष्ट अतिथि झारखंड रत्न से सम्मानित क्षितिस कुमार राय सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने प्रखंड के सभी सदनों से भाग लेने का अपील किया है। कार्यकम को सफल बनाने में नवदीप महतो, विश्वनाथ गोप,कोरेश मिरदाहा, मुमताज खान,अफरोज आलम, सुरेश महतो,बसंती देवी,उमेरा खातून सहित मोर्चा के सभी पदाधिकारी व सदस्य लगे हुए है।

## माता वैष्णों देवी मंदिर के 34वें वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा 03 फरवरी को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव आगामी 3 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान रवि खोसला एवं उनकी पत्नी रीतु खोसला होंगे। कलश यात्रा आगामी 3 फरवरी को प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचेगी। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि कलश यात्रा की सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री मारवाह ने बताया कि कलश उठाने वाली सभी श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक मंदिर परिसर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को फूलों व विद्युत बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने यह भी बताया कि आगामी 4 फरवरी को प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। 5 से 8 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूजन, शतचंडी पाठ, हवन आदि का आयोजन होगा। वहीं 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से मंदिर परिसर में माता की चौकी और 7 फरवरी की रात्रि 9 बजे से माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। 8 फरवरी को पूणाहुति के बाद सुबह 10 बजे से माता का विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

## एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**पतरातू :** एसएसप्लस 2 हाई स्कूल पतरातु पतरातु में मंगलवार को 12 वीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह किया गया। जिस में विधालय के साइंस कॉमर्स और आर्ट के छात्र छात्राओं की विदाई दी गई। अवसर पर 11वीं साइंस की रोजी परवीन और पवन कुमार ने मंच संचालन किया। इस विदाई समारोह में रंगारंग प्रोग्राम का किया गया। साथ ही 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को सम्मानित कर विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अवसर पर दिवस के अवसर पर प्रिंसिपल रविन्द्र कुमार राम, शिक्षक प्रमोद प्रकाश सिंह, दिनेश्वर महतो, अंजय कुमार, अंशु नीलम तिर्की, निर्मला कुमारी, नीतू कुमारी, विजय राम, सुरेश कुमार, इमरान खान ने छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। अवसर पर विद्यालय के शिक्षक के गण के साथ ही पतरातू के बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## बेड़ो में सवारी ऑटो के पलटने से पांच छत्राएं व एक छात्र घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघिया गांव के समीप मंगलवार की सुबह लगभग पौने नौ बजे एक सवारी ऑटो के असंतुलित होकर पलटने से ऑटो पर सवार राजकीय कृत मध्य विद्यालय तुको की पांच छत्राएं व एक छात्र जिनमें तीन सगी बहन और दो सगी बहन व एक भाई घायल हो गए। घायलों में 13 वर्षीय कक्षा सात की तमन्ना परवीन पिता इजहार अंसारी 14 वर्षीय कक्षा आठ तराना परवीन पिता इजहार अंसारी 11 वर्षीय कक्षा छह की तजुन्नम परवीन पिता इजहार अंसारी 12 वर्षीय कक्षा सात की नेहा परवीन पिता गुलजार अंसारी 12 वर्षीय कक्षा सात की हिना परवीन पिता गुलजार अंसारी और 11 वर्षीय कक्षा चार का मुजमिल अंसारी पिता गुलजार अंसारी है। जिन्हें युवा समाज सेवी सह कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो फहीम ने गाड़ी की व्यवस्था कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा भावना की देखरेख में सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल छात्राओं ने बताया कि वे सभी भाई बहन अपने घर दिघिया बेड़ो से सवारी ऑटो से अपने स्कूल जा रही थे। तभी गांव के समीप ऑटो असंतुलित होकर पलट गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर छात्रों के स्वजन बेड़ो सीएचसी बेड़ो पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवां निवासी अंकित कुमार 17 वर्ष पिता स्व सिकंदर प्रसाद की इलाज के दौरान निधन हो गई। जानकारी हो कि 25 जनवरी की रात्रि सूर्यकुण्ड में हुई सड़क दुर्घटना में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका भगवान महावीर मेडिका अस्पताल रांची में इलाज के दौरान 27 जनवरी की रात मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद मृतक के घर पहुंचे। मौके पर रीतलाल प्रसाद, ज्ञानी प्रसाद, रंजीत कुमार, विनोद प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, पिंटू कुमार, भागीरथ प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय बहेरा की प्रबंधन समिति का चुनाव सम्पन्न

**चरही :** सोमवार को हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चूरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के अध्यक्षता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेरा के प्रांगण मे प्रबंधन समिति का चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष अजय सोरेन, उपाध्यक्ष मनीता सोरेन,संयोजका अंजु देवी, और सदस्य के रूप में उमेश मुंडा, चरकू महतो, जितेंद्र राय, उमेश रविदास, अजय सोरेन, विदेशी साव, बबीता देवी, इंदु देवी, अंजू देवी, सरिता कुमारी,पार्वती सोरेन, आशमुनि टुडू को, विधिवत पर्यवेक्षक जॉन सर के दिशा निर्देश को ध्यान में रखते हुए सभी को चयनित किया गया, इस दौरान मुखिया देवकी महतो ने कहा कि मैं आशा करता हूं की, नए प्रबंधन समिति के साथ हमारे विद्यालय और भी अच्छा करेगी, मौके पर मुखिया देवकी महतो, प्रधानाध्यापक महेंद्र राणा, शिक्षक शुभंकर मिश्रा, नंदलाल राम, सुशीला देवी, किरण देवी, आशा देवी, बीरसा टुडू, विनोद कुमार केसरी, रेखा देवी, उषा देवी, जितेंद्र राय, सहित कई ग्रामीण जनता मौके पर मौजूद थे।

### अज्ञात चोरों ने बनासो से बाइक चोरी की

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बनासो से सोमवार को अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। इस सम्बंध में बनासो के राजेंद्र प्रजापति ने चोरी के बाबत विष्णुगढ़ थाने में सूचना दिया है। उन्होंने कहा है कि 27 जनवरी के दोपहर में विष्णुगढ़ के बनासो स्थित बजरंग कम्प्लेक्स के बाहर बाइक हीरो ग्लैमर संख्या जेएच 02 एएस 6126 खड़ी कर दुकान गया, बीस मिनट बाद वापिस लौटकर आया तो देखा बाइक गायब थी। जिसे काफी खोजबीन करने पर भी नही मिली। सीसीटीवी फुटेज देखने पर हेलमेट पहने अज्ञात व्यक्ति बाइक लेकर भाग निकला।

### विष्णुगढ़ में दो दिवसीय काली पूजा की धूम

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के पेठियाटाड़ में दो दिवसीय मां काली पूजा मंगलवार मध्य रात्रि में पाठा बलि के बाद पूजा की शुरआत हो गई है। साथ ही इस अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। आपको बता दे कि यह दो दिवसीय लगने वाले मेला में यहां पर काफी दूर दूर से श्रद्धालु भक्त अपनी मन्नतें पूरा होने के बाद एवं मन्नते मांगने के साथ पूजा अर्चना करने आते हैं। जिसकी तैयारी एवं विधि व्यवस्था को लेकर कमेटी द्वारा पूरे जोर शोर की गई। रात्रि में मंदिर की चक्का चंद रोशनी देखते ही बनता है। चारों तरफ दुकानें ही दुकानें लगी हुई है। बच्चों के लिए नाव झूला, तारा मची, ब्रेक डांस, जंपिंग, रेल गाड़ी समेत कई मनोरंजन की सामग्री उपलब्ध है। इस मेले का विसर्जन प्रतिमा विसर्जन के साथ गुरुवार को की जायेगी।

### शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त : डॉ. प्रवीण

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को पेलावल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 41 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया।

# सरकारी, निजी कार्यालय व विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी कार्यालय एवं विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। वहीं पिनेकल इनाइटेड माइंड्स स्कूल चानो में विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार द्वारा झंडोतोलन कर, उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण राष्ट्रीय गान गाकर वीर शहीदों के नारों के साथ उन्हें याद किया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत, देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था, तब से प्रत्येक वर्ष इस खास तारीख को गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस का यह दिन डेढ़ सौ करोड़ भारतीयों के लिए गर्व और सम्मान का दिन होता है। निर्देशक एवं जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था तथा 26 जनवरी 1950 को इसके संविधान को आत्मसात किया गया, जिसके अनुसार भारत देश एक लोकतांत्रिक, संप्रभु तथा गणतंत्र देश घोषित किया गया। 26 जनवरी 1950 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया। इस दौरान संजय कुमार (प्राचार्य), कौलेश्वर महतो (निर्देशक), शिक्षक पप्पू चौधरी, दिनेश कुमार, शिक्षिका खुशबू कुमारी,ज्योत्सना कुमारी, नीतू कुमारी, करीना कुमारी, काजल कुमारी, नीलम कुमारी, चंद्रावती देवी समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे। वहीं ब्यूटी फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल सेहदा में 76वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शंकर महतो द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य मुकेश कुमार, धानेश्वर महतो, भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार, वार्ड सदस्य वीना देवी, अशोक कुमार, धर्मवीर महतो, डालेश्वर कुमार समेत सैकड़ों विद्यार्थी गण एवं अभिभावक शामिल हुए।

## गणतंत्र दिवस पर भव्य मेले का आयोजन



**बड़कागांव :** गणतंत्र दिवस के मौके पर नापो खुर्द पंचायत स्थित इसको में भव्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला आदिवासी बहुल गांव बड़कागांव प्रखंड के इसको में आयोजित होता है। प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी के दिन झारखंड के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थल बड़कागांव के इसको में गणतंत्र दिवस के मौके पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इसको निवासियों के के अनुसार दावा किया जा रहा है कि ऐसा मेला झारखंड के बड़कागांव में ही आयोजित होती है। मेले का मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव मेला का उद्घाटन फीता काटकर किया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने मेले आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला लोगों को जोड़ता है। इसको गुफा एवं इसको का शैल चित्र पूरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध है इसलिए यह मेला बहुत ही महत्वपूर्ण है उन्होंने यह भी कहा कि मेरी पार्टी भले ही यहां से हार हुई है, लेकिन मैं क्षेत्र के लोगों को किसी भी समस्या में हारने नहीं दूंगा। सुख-दुख में हमेशा काम आता रहूंगा, जो भी हमारे पार्टी को वोट दिए हैं, और जो नहीं दिए हैं सभी के कल्याण के लिए काम करता रहूंगा। मौके पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चंदर साव उर्फ चंदर भाई ,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, पैक्स अध्यक्ष विक्रम निशांत भी शामिल थे।मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीपीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी नेमाधारी रजक के नेतृत्व में पुलिस तैनात थी।मेले में सोहराय कला एवं कोहबर के कला आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर मेला अध्यक्ष कुलेश्वर मुंडा सचिव करो कश्यप, कोषाध्यक्ष विशाल मुंडा, हरिनाथ मुंडा, दिनेश मुंडा, हरिनंदन मुंडा, सोहर मुंडा, सानू कश्यप संतोष मुंडा फूलचंद उरांव एवं अन्य मेले को सफल करने में सहयोग कर रहे थे। इसको गुफा एवं इसको का शैल चित्र पूरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध है।

### कटकमसांडी पुलिस की बड़ी कामयाबी, लगातार थाना प्रभारी के नेतृत्व में मिल रही है सफलता

## नकली अंग्रेजी शराब बनानेवालों के विरुद्ध छापा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कटकमसांडी :** गुप्त सूचना के आधार पर कटकमसाडी थाना अंतर्गत ग्राम कोन्हर के जंगल में अवैध तरीके निर्माण किए जा रहे नकली अंग्रेजी शराब बनाने वालों के विरुद्ध छापामारी कर नकली शराब बनाने में प्रयुक्त लेबल, ढक्कन एवं रैपर, करीब 272 बोतल नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। घटना के विरुद्ध कटकमसांडी थाना कांड संख्या 28/25, दिनांक 27/01/2025 धारा 274/275/292/318(4)/336(3)/338/340(2)/349/3(5)bns & 47(a)/55 jharkhand excise act दर्ज किया गया। कांड में गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त सजूब अंसारी, उम्र 30 वर्ष पिता अजीम अंसारी ग्राम कोनहर थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु। भेजा गया साथ 1 टेम्पो, पानी का जार, अल्कोहल मीटर, खाली शराब का बोतल तथा अन्य अवैध निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्री को बरामद किया गया है, घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल है जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु छपमारी किया जा रहा है। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इस तरह का कार्य करने वाले को हमारे क्षेत्र में कहीं पर से खोज निकालना हमारी प्राथमिकता है और वह बक्से नहीं जायेंगे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मोसमात नगीया मोसफ्फिल, थाना, गुलाम सरवार कटकमसांडी क्षेत्र के निवासी ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और बरही के रहने वाले भगत कुमार सिंह ने सर्वे के रास्ते में बनी हुई नाली को मिट्टी तथा पत्थर भर दिए जाने के संबंध में निवेदन किया। राजेश्वर महतो विष्णुगढ़ ने, धान अधिप्राप्ति केंद्र में धन जमा नहीं लेने के संबंध में, मालती कुमारी ओकनी ने अपनी जमीन का बंदोबस्ती किए जाने के संबंध में निवेदन किया। विनोद कुमार सिंदूर हजारीबाग ने दाखिल खारिज को रोके जाने के संबंध में, भातु महतो बरकट्ठा एनएच 2 में अधिकृत भूमि का मुआवजा भुगतान देने के संबंध में, मो. कौशिक आलम हरहद से अपनी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा गलत तरीके से बेचे जाने के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाया। इसके अलावे मंगलवार को जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये।

### 60 दिव्यांगजनों को मिला नि:शुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राइसाइकिल



**हजारीबाग :** समाहरणालय परिसर में आयोजित शिविर में नैंन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग के कर-कमलों से डी.एम.एफ.टी. मद से जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल वितरण किया गया है। वितरण के दौरान उपायुक्त महोदया द्वारा बताया गया कि जनता दरबार में प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर तृतीय चरण में आज 60 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया जा रहा है। पूर्व में दो चरणों में 10-10 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया है। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं, विभिन्न व्यवसाय से जुड़े दिव्यांगजनों एवं अन्य को उनके दैनिक कार्य के निष्पादन में सहयोग हो। वितरण के दौरान इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, पंकज तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग एवं शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग एवं डी.एम.एफ.टी. तथा समाज कल्याण विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-टाटीझरिया पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य साथिया पियार एजुकेटेड को प्रभारी निधिनारायण सिंह, रवि शंकर प्रसाद, डॉ० रवि कुमार, मुखिया रेखा देवी साथिया साथी द्वारा नान फाइनेंशिय लांच बोक्स देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि अपने क्षेत्र में 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों एवं युवा मैत्री केंद्र परामर्श भेजे, जिससे सभी जागरूक हो सके, साथ ही वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रहे टीबी कार्यक्रम में सहिया दीदी का सहयोग करे। इस अवसर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गई। मौके पर पीयूष कुमार, मीना कुमारी, शंकर पांडेय, काजल कुमारी,सुनीता देवी,रंजीत दांगी, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, सुकेश बसंत, अनीता देवी, रीता देवी, पोखरी देवी, सरिता देवी, दीपा देवी, रेणु देवी ,मुद्रिका देवी, शबनम नूरी, मैंजुन निशा, नासिरा खातून, शहनाज खातून समेत काफी संख्या में सहिया दीदी मौजूद रहे।

## जिले में अल्पसंख्यकों के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु और प्रणेश सॉलोमन ने मंगलवार को परिसदन भवन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में अल्पसंख्यकों के लिए चल रही केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने सरदार चरणजीत सिंह के मामले को लेकर अपर समाहर्त्ता, बरही एसडीओ और चौपारण सीओ को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने और पीडित परिवार को न्याय दिलाने हेतु निदेशित किया। बैठक में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु और प्रणेश सॉलोमन ने संयुक्त रूप से कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, उद्योग विभाग, नियोजन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों के द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली और उनके प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया।उन्होंने परिसदन में बैठक के पश्चात पत्रकारों से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। जिले से हमलोग कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर रहे हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही जो कल्याणकारी योजनाएं हैं, उसमें अल्पसंख्यकों को उनके आबादी के अनुपात में उन्हें भागीदारी मिल पा रही है या नहीं, चाहे वह राज्य सरकार की योजनाएं हो चाहे वह केंद्र सरकार की योजनाएं हो। अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया की अल्पसंख्यको के कितने स्कूल हैं, कितने हॉस्टल बिल्डिंग हैं या कितने मदरसे हैं और जो स्कूल हैं उनमें शिक्षकों की क्या स्थिति है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की खाली पदों पर नियुक्ति को लेकर डीईओ और डीएसई को निर्देशित किया गया है कि वह अपने स्तर से एक महीने के अंदर बहाली करें अन्यथा आयोग के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खास महल जमीन के लीज नवीकरण का कार्य ससमय हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया है। उन्होंने मइँया सम्मान योजना से महिलाएं कैसे स्वालंबन बने, उनका आर्थिक उत्थान कैसे हो, इसके लिए महिलाओं के बीच जागरूकता लाने के उदेश्य से महिलाओं के बीच सामूहिक सेमिनार तीन महीने के अंतराल पर करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

## जनता का विकास ही मेरी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम से उनकी कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में कई लंबित समस्याएं हैं, जिनका समाधान तुरंत किया जाना आवश्यक है। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में कई सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं, जिससे लोगों को यातायात में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, जल आपूर्ति की समस्या भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है, और कई गांवों में पानी की भारी कमी है। प्रदीप प्रसाद ने सचिव से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में प्रयास किए जाएं, ताकि राज्य के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक ने विधानसभा सचिव से यह भी अनुरोध किया कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय मिलकर इन समस्याओं का समाधान करेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए काम करेंगे। इस मुलाकात के दौरान, विधानसभा सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम ने विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं पर जल्द ही कार्रवाई की जायेगी।

## विधायक ने चूरचू प्रखंड में सुनीं समस्यायें, समाधान का दिया आश्वासन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही :** मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र चूरचू सभागार मे ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, नाली निर्माण व पानी की टंकी बंद होने से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारी को फोन कर समाधान का निर्देश दिया।3 बजे पहुंचे विधायक ने एक-एक लोगों से बात कर उनकी समस्या पूछी। कहा कि जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण गांव में ही अपनी समस्या बताकर उसका समाधान करा सकते हैं। उन्हें समाधान दिवस व थाने का चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। संतोष सिंह ने बताया कि बिजली आए दिन खराब होती है। लो-वोल्टेज की समस्या रहती है। विधायक को फोन कर तत्काल समाधान के लिए कहा। सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि एक साल पहले बना पानी का टैंक पांच महीने से खराब है। दूर के मजरों पर आज तक पानी नहीं पहुंच सका है। ग्रामीणों ने पुलिस, राजस्व विभाग की भी समस्या से अवगत कराया। चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक सुरेंद्र कुमार महतो केंद्रीय सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम मुकरु वार्ड सदस्य संतोष कुमार सिंह आशुतोष कुमार ग्रामीण सदस्य उपस्थित थे।

### अनियंत्रित कार ने दो लोगों को रौंदा, एक की मौत

**हजारीबाग :** कोर्रा थाना क्षेत्र के डीवीसी चौक पर अनियंत्रित करने एक लड़के को रौंदा जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। मृतक की पहचान मटवारी निवासी मो इब्राहिम पिता मो अरशद के रूप में हुई है। वहीं कार डीवीसी चौक से आगे बढ़ते ही जिला परिषद चौक के समीप पूर्व वार्ड पार्षद बॉबी को भी अपने चपेट में ले लिया। इससे उनके पैर में गंभीर चोट आए और पैर टूटकर अलग हो गया। नये समाहरणालय की ओर से जिला परिषद चौक की तरफ आ रहा है अनियंत्रित कार डीवीसी चौक के पास बाइक सवार युवक मो इब्राहिम को जोरदार टक्कर मार दिया। इब्राहिम टक्कर से सामने पोल पर जा टकराया और बाइक दूसरी तरफ फेंका गया।

## जिप सदस्य शेख तैयब ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत गैडा के किरतोडीह मिलनटाड में मंगलवार को विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य के शेख तैयब के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जिसकी लागत करीब 22 लाख 45 हजार रूपए 15वे वित्त आयोग द्वारा किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। शिलान्यास के पश्चात विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। हम आप लोगों की जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते है, किसी प्रकार की समस्या हो तो इसकी जानकारी हमे दे, उसका हल पूरा करने का प्रयास करेगे। इस दौरान अपने जिला परिषद सदस्य शेख तैयब को फूल माला पहनाकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। कहा कि हम लोगो का सौभाग्य हैं कि हमे ऐसा जनप्रतिनिधि मिला है। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि ताज अंसारी, सौकत अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सफरुद्दीन अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, सेराज साहब, आलम अंसारी, शेख क्युम, डूगी लाल यादव, विनोद बिहारी महतो, रामटहल रविदास, टेको रविदास समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## एनटीपीसी बादम परियोजना सिकरी में 76वें गणतंत्र दिवस पर शान से फहरा तिरंगा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बड़कागांव :** बादम कोयला खनन परियोजना, एनटीपीसी लिमिटेड के हेलीपैड स्थित सीकरी साईट कार्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य, एमडीओ प्रतिनिधि, परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के बच्चें एवं उनके माता-पिता साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके बाद तिरंगा गुब्बारा छोड़ा गया। परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने अपने गणतंत्र दिवस भाषण में उस दिन के महत्व पर जोर दिया, जो भारतीय संविधान को अपनाने का प्रतीक है, जो एक जीवंत दस्तावेज है, जो न्याय, समानता, बंधुत्व और स्वतंत्रता के आदर्शों को मूर्त रूप देता है, जो हमारे जीवंत लोकतंत्र की नींव के रूप में कार्य करता है। उन्होंने एकता, कड़ी मेहनत और राष्ट्रीय गौरव के महत्व पर जोर दिया, और उपस्थित सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि बादम कोयला खनन परियोजना जल्द ही स्थायी तरीके से कोयला उत्पादन शुरू कर देगा। आईआरबी द्वारा परेड मार्च, स्थानीय विद्यालय के विद्याथियों देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आज के दिन का मुख्य आकर्षण केंद्र थे। इन प्रदर्शनों में स्थानीय युवाओं की प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जिससे उत्सव का माहौल और भी बढ़ गया। कर्मचारियों ने भी मंच संभाला और अपनी रचनात्मकता और टीम भावना को दर्शाते हुए विभिन्न प्रदर्शन प्रस्तुत किए। इससे पहले दिन में, नए अस्पताल कार्यालय भवन में सुभ्रांशु शेखर मिश्रा (जीएम इंफ्रा) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके अलावा सीएसआर पहल के रूप में, आस-पास के स्थानीय स्कूलों के मेधावी छात्रों को उत्कर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की गई। बादम सीएमपी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को देखभाल और समर्थन के एक संकेत के रूप में ट्राइसाइकिल भी भेंट की गई। इस समारोह में एकता, उपलब्धि और देशभक्ति पर प्रकाश डाला गया, जिससे यह सभी के लिए एक यादगार अवसर बन गया। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी बादम परियोजना के पीआरओ सुभरांतू सरकार ने दी।

### सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 की तैयारी अंतिम चरण में



**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत 101 जोड़ियों की शादी रचाने के लिए विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम ( पुराना बस स्टैंड के समीप) में विवाह मंडप तैयार हो रहें हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है जिसमें खुद सांसद मनीष जायसवाल और उनकी पूरी टीम तत्परता से जुटी हुई है। यह सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कार्यक्रम आगामी 02 फरवरी 2025 (रविवार) को आयोजित होगा जहां 101 बेटियों का एकसाथ सांसद मनीष जायसवाल, उनके परिवारजन और उनके हितजनों का सदा सुहागन रहने का शुभाशीर्वाद प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक क्षण का 50 हजार से अधिक लोग साक्षी बनेंगे। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाने में कोई कोर- कसर न रह जाए इसकी पल-पल की जानकारी दिल्ली विधानसभा चुनाव कैंपेन में रहने के बावजूद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ले रहे हैं और विवाह स्थल को बेहद खूबसूरत बनाने के लिए लगातार दिशा-निर्देश अपनी टीम को दे रहे हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम के मुख्य द्वार पर स्वागत गेट, मुख्य द्वार से स्टेडियम तक जाने वाले रास्ते में बेहद आकर्षक साज- सज्जा के साथ पैसेज का निर्माण, विवाह स्थल पर ग्राउंड में चारों तरफ से लोहे का बैरिकेटिंग और उसके अंदर बीच में विवाह में शामिल होने वाले चर्चित म्यूजिकल फेरे के पंडित राघव पंडित और उनकी टीम के साथ रंगकर्मियों के लिए एक विशाल स्टेज, इसी परिसर में 101 आकर्षक विवाह मंडप और उसके बाहर एक मुख्य स्टेज के अलावे मैदान के चारों तरफ लोगों को बैठने के लिए पवेलियन में कालीन बिछाया जा रहा है।

## एक झलक

### जनता दरबार में अपर समाहर्ता ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**धनबाद:** मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में बलियापुर के भिखराजपुर से आए व्यक्ति ने अपर समाहर्ता को बताया कि उनके भाई द्वारा जबरन उनका घर तोड़ा जा रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करते हैं। वहीं मनईटांड से आए व्यक्ति ने कहा कि वह जीविकोपार्जन के लिए विगत 26 वर्षों से एक पान गुमटी चला रहे हैं। परंतु मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा बारंबार गुमटी हटाने की धमकी दी जा रही है। एक अन्य फरियादी ने रैयती जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर घर बनाने की शिकायत की। इसके अलावा राशन कार्ड बनाने, आरटीआई में पुत्र का चयन होने के बाद भी विद्यालय द्वारा नामांकन नहीं करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। अपर समाहर्ता ने सभी शिकायतों को संबंधित पदाधिकारी के पास निष्पादन करने के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद व जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

### पत्रकार बेनू मंडल की मनायी गयी 58वीं जयंती

**झरिया (धनबाद):** मंगलवार को बेनु मंडल मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से पत्रकार स्वर्गीय वेणु मंडल उर्फ स्वरूप मंडल की जयंती मनाई गई। सदस्यों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका 58 वां जन्मदिन पोद्दार पाड़ा बीएमएमएफटी कार्यालय परिसर में मनाया। तत्पश्चात मिश्रा पाड़ा झरिया स्थित प्राइमरी स्कूल के सभी छात्रों के बीच कॉपी, बिस्केट और टॉफियां वितरित की गईं। इस अवसर पर फलदार वृक्ष लगाया गया। यह निर्णय लिया गया कि 5 फरवरी 2025 को एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आज फाउंडेशन की ओर से महेंद्र मंडल (पुत्र), आनंद मंडल (भाई), पिनाकी रॉय, नयन दत्ता, मालंच कर (मिनचू), संदीप धीवर और सुरटांध प्राइमरी स्कूल के शिक्षक एवं स्टाफ विजय राजवार, कृष्णदेव रॉय, बिंदु देवी, आशा देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### राजद का सदस्यता अभियान शुरू, दर्जनों लोगों ने राजद की ली सदस्यता

**सिन्दरी (धनबाद):** राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान सिंदरी स्थित जिला कार्यालय से मंगलवार को जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव के नेतृत्व मे शुरू हुआ। जिला सदस्यता प्रभारी ज्ञानेश्वर यादव एवं संतोष यादव भी अभियान में शामिल हुए। राजद ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सैकड़ो लोगो ने सदस्यता ली और राष्ट्रीय जनता दल मे शामिल हुए। जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडो में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर मजबूत बनाया जा सके। सदस्यता अभियान में महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम प्रसाद यादव, विरेंद्र रजक, सुरेश राउत, घमंडी यादव,विनोद यादव, संदीप पाल, आर एन सिंह, बैजनाथ यादव, विक्रम यादव, मो नूर आलम, शिवजी यादव, विकाश यादव, प्रदीप पाल शामिल हुए।

### एसटीजी० डेको आउटसोर्सिंग में स्थानीय लोगों ने किया चक्का जाम आन्दोलन

**कतरास (धनबाद):** केलुडीह छाताबाद बीसीसीएल एरिया 3 अंतर्गत कार्य कर रही एसटीजी० डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय लोगों की 8 सूत्री मांग के समर्थन में मंगलवार को लोगों ने अनिश्चितकाल चक्का जाम शुरू किया। इस आंदोलन को लेकर एरिया 3 के महाप्रबंधक, को ज्ञापन दिया गया। आंदोलनकारी अताउल रहमान का कहना था कि एस०टी०जी० डेको आउटसोर्सिंग जो केलुडीह छाताबाद में चल रही है। कंपनी के आने से यहां के लोग पोल्यूशन से बीमार हो रहे है, और हैवी ब्लास्टिंग से यहां के घरों में दरारें होने लगी है, जिससे स्थानीय लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लोग बीमार, परेशान हो रहे है, और काम बाहरी लोगों को दिया जा रहा है। जबकि सरकार का आदेश है कि जिस जगह पर कंपनी कार्य करेगी उसके आसपास के 75% स्थानीय लोगों को नियोजन देने का काम करे। लेकिन यह कंपनी सरकार के आदेश को नहीं मान कर अपनी मनमानी से कंपनी को चला रही है, जिससे आसपास के स्थानीय लोग आक्रोशित हैं। जब तक कंपनी 8 सूत्री मागों को पूरा नहीं करती है, तब तक अनिश्चितकाल चक्का जाम धरना प्रदर्शन रहेगा।

# देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है सेल कोलियरीज : एचडी कुमारस्वामी

**दौरा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री एच.डी. कुमार स्वामी एवं माननीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने सेल की टासरा ओपन कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन अमरेंदु प्रकाश भी उनके साथ थे। टासरा परियोजना आगमन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने मंत्रीद्वय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वहीं सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने मंत्रीद्वय को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह परियोजना 4 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोल माइन के ले-आउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी। उन्होंने सेल एवं मेसर्स



के.टी.एम.पी.एल. के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की। तत्पश्चात मंत्रीद्वय ने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद मंत्रीद्वय ने चासनाला शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सेल के बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक एस.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) संजय तिवारी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, के.टी.एम.पी.एल. के प्रवीण कोटा, टी. रमेश एवं बड़ी संख्या में सेल के अधिकारी तथा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## केन्द्रीय इस्पात मंत्री ने चिटाही पहुंच की पूजा-अर्चना

**बाघमारा (धनबाद) :** मंगलवार को धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के चीटही धाम स्थित रामराज मंदिर केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी पहुंचे। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने उनका भव्य स्वागत किया ।बाद में सांसद ढुल्लू महतो के साथ श्री कुमार स्वामी पूजा अर्चना किया एवं भगवान राम के दर्शन किए। बाद में हुए धनबाद सांसद श्री महतो के आवास भी पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए इस्पात मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द लोहांचल और कोयलांचल में विकास की बहीयार बहेगी इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है बस सिग्नल मिलना बाकी है।

वही ढुल्लू महतो ने कहा कि वह बोकारो का इस्पात कारखाना का निरीक्षण करने पहुंचे थे। हमने उन्हें आमंत्रण भेजा था और उन्होंने स्वीकार कर लिया और समय निकालकर रामराज मंदिर पहुंचे और पुजार अर्चना किए और यहां की वस्तु स्थिति जानी। बाद में वे वापस लौट गये।

# एनएसयूआई धनबाद ने किया हम बदलेंगे का पोस्टर लॉन्च

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** एनएसयूआई धनबाद ने मंगलवार को पीके रॉय कॉलेज में हम बदलेंगे का पोस्टर जारी किया। यह मुहिम भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा वरुण चौधरी के निगरानी में दिल्ली मुख्यालय में जारी किया गया था। इसके बाद यह मुहिम पूरे भारतवर्ष में सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत बच्चों को राजनीतिक और प्रेरित करना तथा उन्हें कैंपस में खुद की आवाज को कैसे बुलंद करेंगे यह जानकारी और जिम्मेदारी बच्चों को दी जा रही है। सारे पोस्टर के साथ स्कैनर दिया गया है। जिसके जरिए छात्र इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं और एनएसयूआई द्वारा चलाया गया इस कैंपेन में अपने कॉलेज में एनएसयूआई कैंपस एंबेसडर भी बन सकते हैं। मौके पर पूर्व धनबाद महानगर अध्यक्ष सनी सिंह



ने बताया की इस मुहीम में जुड़ने से उन्हें भारतीय राजनीति की ट्रेनिंग दी जाएगी उन्हें कांग्रेस के विधायक तथा सांसदों के साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। जिससे उनमें बेहतर लीडरशिप क्वालिटी डेवलप होगी इस मुहिम के तहत महिलाओं एससी-एसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी स्टूडेंट्स को एक स्पेशल इनविटेशन दिया गया है। और केंपस एंबेसेडर बनाने के लिए इन सारे बातों को मद्देनजर नजर रखा जाएगा सभी को उसमें दिए गए स्कैनर को स्कैन करके अपनी सभी जानकारी को भरना है। और स्क्रुटनी के जरिए संगठन निर्णय करेगी की किस कॉलेज और विश्वविद्यालय का एनएसयूआई एंबेसडर बनाया गया है। मौक पर राज रंजन सिंह, सनी सिंह अमन प्रसाद रोशन कुमार, नवनीत कुमार, रोहित कुमार रोशन और अनेकों एन एस यू आई के सदस्य मौजूद थे।

# लाभुकों के बैंक अकाउंट में सुधार करा कर भुगतान करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने सोमवार को डीआरडीए के सभागार में आवास योजना एवं मनरेगा की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना में 2024-25 की स्वीकृति को पूर्ण करने एवं द्वितीय किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही अबुआ आवास योजना में 2023-24 में प्रथम किस्त के विरुद्ध द्वितीय किस्त का भुगतान करने तथा तृतीय किस्त के विरुद्ध आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लम्बित आवास की स्वीकृति के लिए ग्राम सभा करते हुए शेष स्वीकृति को शत प्रतिशत पूरा करने, प्रथम किस्त हेतु लंबित लाभुक के बैंक



खाता में सुधार कराने के लिए पंचायत स्तर पर कैंप करते हुए भुगतान करने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायत सेवक लाभुक के साथ उसके बैंक में जाकर अकाउंट में जो भी त्रुटि है, उसमे सुधार कराएंगे। साथ ही मनरेगा अंतर्गत पुरानी योजनाएं, पोट हो खेल विकास योजना को 100 % पूर्ण करने, आधार बेस्ड पेमेंट को भी 100% करने, 2 फरवरी से 8 फरवरी तक नरेगा दिवस में विभिन्न प्रकार की क्रियाविधि करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने कहा कि जो लाभुक राशि मिलने के बाद भी आवास निर्माण नहीं करते हैं, वैसे लाभुकों से राशि वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करें। आवश्यकता पड़ने पर उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला समन्वयक सुशांत कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद थे। इससे पूर्व उप विकास आयुक्त ने नगर निगम, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, खनन, पशुपालन, कल्याण, कृषि सहित अन्य सभी विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में विभिन्न विभाग के अधीन संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एसडीओ राजेश कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# समिति ने 80 लोगों को कम्बल का किया वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को मध्यविद्यालय खरिकाबाद में ज्ञान विज्ञान और झारखंड जिला इकाई धनबाद के द्वारा गांव को जाने-गांव को बदलें को लेकर जन -संवाद धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर - 14 के निवर्तमान पार्षद मो. निसार आलम के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। तथा संचालन ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव भोला नाथ राम द्वारा किया गया। इस अवसर में मुख्यरूप से गोंदूडीह थाना के प्रभारी राजन कुमार झा, एएसआई भगत सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विमल चंद्र प्रमाणिक, जितेंद्र कुमार रवानी, मधेश्वर नाथ भगत आदि लोग मौजूद थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजन झा द्वारा शिक्षा पर



जोड़ देते हुए उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके साथ सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ,सामाजिक सुरक्षा आदि को लेकर चर्चा हुई। इसके पश्चात अंचल कार्यालय, पुटकी धनबाद के सहयोग से प्राप्त 80 लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इसी तरह वार्ड नंबर 9 के पार्षद कार्यालय पुटकी नंबर 13 में वार्ड नंबर-10 के निवर्तमान पार्षद देवाशीष व वार्ड नंबर 9 के पार्षद प्रतिनिधि सुभाष पासवान एवं मधेश्वर नाथ भगत के उपस्थिति में 80 लोगों को कम्बल वितरण किया गया। खरिकाबाद के कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मो. कलामुदीन, दिलीप रवानी, रूबी देवी, प्रमिला देवी आदि का सहयोग रहा।

### धनबाद के तपन राय को वर्सियम सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा गया

**धनबाद :** विश्व के जाने माने चित्र एवं कला का संस्थान वर्सियम द्वारा प्रदत्त चित्र के आधार पर ऑनलाईन लिखित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थापक कोरिना जूंगियातू, बुचारेस्ट, रोमानिया और जुरी के अध्यक्षा वॉयलेटा मार्किज, संजोस, कैलिफोर्निया ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व के हर एक देश के कविओं को आमंत्रित किया था। विश्व के अनेक जाने माने कविओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए।भारत से कई कविओं ने ऑनलाईन इस प्रतियोगिता मे भाग लिए। 26 जनवरी, 2025 को उक्त प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता मे पुरे विश्व से कुल तेरह कविओ को पुरस्कृत किया गया, जिनमें धनबाद, हिरापुर ज्ञान मुखर्जी में रहनेवाले तपन राय भी हैं। जिन्हे सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा गया। तपन राय ने इस प्रतियोगिता आयोजित करने वाले संस्था भारशियुम का आभार व्यक्त किया।

# छात्र-छात्राएं संविधान को सम्मान देते हुए विचारों को अपने जीवन में उतारने का लिये संकल्प : अनुपमा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** जवाहरलाल सीनियर सेकंडरी विद्यालय एवं राजीव गांधी मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में 76 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेत्री श्रीमती अनूपमा सिंह ने सर्वप्रथम विद्यालय के स्काउट एंड गार्ड छात्र छात्राओं के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्रीमती सिंह ने ध्वजारोहण कर स्कूल कॉलेज के कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ अंग वस्त्र तथा मोमेंटो



निर्देशक डॉक्टर आर एन चौबे ने भेंट करते हुए स्वागत संबोधन किया। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने स्कूल एवं महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित कर बधाई दी। अपने संबोधन में बच्चों के भविष्य को संवारने में विद्यालय प्रबंधन एवं महाविद्यालय प्रबंधन को कड़ी मेहनत करने का संदेश देते हुए भारतीय संविधान की खूबियों पर प्रकाश डाला और इसे सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कहा महाविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा के लिए संपूर्ण झारखंड में विख्यात है यहां के छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जा चुका है आने वाले समय में शिक्षा का प्रकाश से केवल झरिया धनबाद ही नहीं अपितु झारखंड तथा संपूर्ण भारतवर्ष आलोकित हो और यहां के छात्र-छात्राएं अपने राष्ट्र प्रेम से समाज के शोषित वंचित लोगों का जीवन संवारने में अपनी भूमिका का निर्माण कर अपने समाज और राष्ट्र को विकसित बनाने में अपनी योग्यता का प्रयोग करेंगे।

# धारकिरो के संकेत प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर चयनित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/राजगंज :** राजगंज थाना क्षेत्र के धारकिरो ग्राम निवासी संजय कुमार तिवारी के ज्येष्ठ सुपुत्र संकेत कुमार तिवारी का चयन प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी में हुआ। इस अवसर पर पुरे धारकिरो ग्राम के युवा वर्ग एकत्रित होकर वरिष्ठ अधिवक्ता पियुष कुमार तिवारी ने अपना भतिजा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी में चयनित संकेत कुमार तिवारी का मुंह मिठा किया तथा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी सुरेश चन्द्र तिवारी ने श्री तिवारी को प्रगति पथ एवं सच्चाई के पथ पर चलने का आशिर्वाद दिया। मौके पर अधिवक्ता सुवीर कुमार तिवारी, अवनी कुमार तिवारी,अनुप कुमार तिवारी, भानु शंकर तिवारी,माणीक तिवारी, कार्तीक तिवारी, रुपेश कुमार तिवारी, श्यामल कुमार तिवारी एवं एस के तिवारी मौजूद थे। धारकिरो की गिनती शिक्षा के क्षेत्र में, उन्नतशील, विकासशील ग्रामों में पश्चिम बंगाल के खांदरा ग्राम, विहार के रुपस ग्राम से किया जाता है। इस ग्राम में खनन अभियंता, सिंफर के निदेशक, सीआईएल के महाप्रबंधक, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, विधिक सेवा, शिक्षण पदाधिकारी सहित अनेक उच्च कोटि के शिक्षाविद आदि से सुशोभित है।

### विस्थापन के खिलाफ केन्द्रीय इस्पात मंत्री को डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**सिन्दरी (धनबाद) :** केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारास्वामी से डोमगढ बचाओ मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिल कर एफसीआई प्रबंधन के विस्थापन नीति के खिलाफ एक ज्ञापन दिया। मोर्चा के संयोजक सह भाजपा नेता धीरज सिंह ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री को बताया कि सेल को जमीन हस्तांतरित करने के आड में डोमगढ के लोगों को विस्थापित करने की कोशिश की जा रही है। सेल के केटीएमपीएल को ओबी वर्डेन फेकने के लिए जमीन चाहिए। एफसीआई प्रबंधन ने इसके लिए डोमगढ स्थित 304 एकड़ जमीन चिह्नित किया है। जबकि दामोदर नदी के किनारे सिंदरी मे ओबी डंप के लिए पर्याप्त जमीन है। इससे डोमगढ विस्थापन होने से बच जायेगा और सेल को ओबी डंप के लिए पर्याप्त जमीन भी मिल जायेगा।

# गणतंत्र दिवस पर हुआ विराट संस्कृति समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** निरसा गोपालगंज में राष्ट्रीय चेतना जन चेतना द्वारा 40 वां संस्कृति समारोह आयोजित किया गया । 76वें गणतंत्र दिवस में राष्ट्रीय चेतना जन चेतना द्वारा गोपालगंज काली मंदिर में मेले ओर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। पत्रकारों ओर अतिथियों को फूलमाला अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आये हुए भक्तों को प्रसाद में खिचड़ी का भी वितरण किया गया। वहीं तारा पोदो धीवर ने बताया कि हमलोग एक है हम लोगों को मिल जुल के रहना चाहिए। मौके पर डॉक्टर संतोष राय, बबलू दास, तारा पोदो धीवर, हेमंत दुबे इत्यादि मौजूद रहे।

## नितेश बांसफोर का मार्शल आर्ट्स में हैरतअंगेज प्रदर्शन



**जोरापोखर (धनबाद) :** 26 जनवरी को बीसीसीएल द्वारा आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस समारोह जो जेलगोरा स्टेडियम में मनाया गया। इस कार्यक्रम में कई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। लेकिन मुख्य आकर्षण अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा हैरत अंगेज कार्यक्रम रहा जिसमें अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के मार्शल आर्टिस्ट खिलाड़ी नितेश बांसफोर ने अपने दांतों से दर्जनों लिम्का बोतल के ढक्कन को खोलकर बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता , डीपी एम. के. रमैया के साथ-साथ पूरे बीसीसीएल के अधिकारियों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। वहीं दर्जनों ट्यूबलाइट को अपने हथेलियों से काटकर उपस्थित सभी अतिथि गणों के साथ-साथ पूरे दर्शकों को हैरत में डाल दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं निर्देशन अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर ने किया। कार्यक्रम के अंत में बीसीसीएल के दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्षा मिली दत्ता, उपाध्यक्षा पुर्बिता रमैया, नमिता सहाय ने अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर, लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर अमरजीत बांसफोर, मुकेश बांसफोर, तलवारबाजी के अखिलेश, रूपेश, निकेश, ओमप्रकाश आदि को सम्मानित किया।

# आरोपी की मां ने प्रेस वार्ता कर पुलिस पर लगाया गम्भीर आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद):** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा पंजाबी धौड़ा के रहने वाले टाटा कर्मी रामावतार प्रसाद शर्मा के पुत्र आर्म्स एक्ट के आरोपी मनीष कुमार की गिरफ्तारी करने गई पुलिस ने पिता को जमकर पिटाई कर घायल कर दिया है। घायल रामावतार को टाटा जामाडोबा अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। डॉक्टर के अनुसार रामावतार की पसली की हड्डी टूट गया है।

फरार मनीष की मां मिना देवी ने प्रेस वार्ता कर बताया है की जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने 25 जनवरी की रात 2 बजे घर में



घुस गए। पुलिस मनीष को खोज रही थी। मनीष नही मिला तो मनीष के पिता रामावतार को जमकर लात घुसे लाठी डंडे से पिटाई कर दिया है। वही दर्जनों पुलिस ने घर में घुस कर महिला सदस्यों के साथ भी मारपीट किया है। घटना के समय एक भी महिला पुलिस कर्मी मौजूद नही थी। प्रेस वार्ता में मनीष के भाई रवीश कुमार शर्मा ने बताया है कि पुलिस ने पिता को कार्य पर जाने के दौरान घर में घुसकर घसीटते हुए मारपीट किया गया है।

वार्ता में मनीष की भाभी नेहा देवी भी उपस्थित थी। घटना की शिकायत एसएसपी धनबाद को किया गया है। कहा गया है बिना वारेंट के पुलिस रात के अंधेरे में घर दीवाल फांदकर घर में घुस गई। जल्द ही पुलिस पर न्यायालय में मामला दर्ज किया जायेगा। जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया है की मनीष कुमार गोली चालन प्रकरण का आरोपी हैं। उसके घर जाने पर घर वालों ने भगा दिया है। मनीष के भाई ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया है। मनीष के पिता एव भाई को थाना लाया गया था, पूछताछ कर घर भेज दिया है दोनों ने लिखित थाना में दिया है। मारपीट पुलिस ने नहीं किया है उलटा परिवार के लोगों ने ही धक्का मुक्की की है।

## दलित उत्पीड़न पर आयोग गम्भीर, डीसी व एसएसपी को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

**झरिया (धनबाद):** झरिया थाना अंतर्गत कलाली पट्टी स्थित एकमात्र दलित परिवार की जमीन पर कब्जा तथा एससी एक्ट की अवहेलना कर खानापुर्ति करने का मामला पुलिस के लिए गले हड्डी बना हैं। दैनिक फ्रीडम फाइटर में खबर छपने से 23.01.25 को ही राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने इसे गंभीरता से लिया और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट भेजने का अल्टीमेटम दिया। आयोग के सीनियर इंवेगेस्टिर मोहित कुमार ने 12.03.2024 के पत्र का हवाला देते हुए कहा हैं कि निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद भी आजतक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई हैं। इस मामले को अपने स्तर से देखे और रिपोर्ट 10 दिन के भीतर भेजे। गौरतलब हैं कि पीड़ित रवि रंजन ने आयोग में तथा रूबी कुमारी ने पुलिस जन शिकायत समाधान में शिकायत किया था। आरोप लगाया कि दबंगों ने झरिया पुलिस की सहायता से उसकी खतियानी जमीन पर कब्जा किया। 26.01.23 तथा 09.01.24 को उसके परिवार के साथ जाति सूचक गाली-गलौच, मारपीट सहित अन्य घटनाओं को अंजाम दिया। विरोध करने पर पुलिस ने दबंगों के साथ मिलकर थाने से ही सुनियोजित मिथ्या, तुच्छ, द्धेषपुर्ण तरीके से अनुसंधान रिपोर्ट बनाकर खानापुर्ति किया। अधिवक्ता शंकर चैधरी ने कहा कि दलित की शिकायत पर पुलिस को एससी एक्ट के तहत कार्रवाई करना चाहिए था। लेकिन, किया नहीं, इसके कारण क्या रिपोर्ट भेजे समझ नहीं पा रहा हैं। पीड़ित मनोज कुमार चैधरी ने कहा हैं कि आयोग के रिपोर्ट मांगना एक साल बीतने को हैं, लेकिन, झरिया पुलिस द्वारा आयोग को आजतक रिपोर्ट नहीं भेजने के एकमात्र कारण झरिया पुलिस का दबंगों को शह प्राप्त हैं।

## सम्पादकीय.....

# 'कमजोर नस के सहारे' शराबबंदी..?

**भारतीय** राजनीति में संभवतः पहली बार मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने अपने उद्धेश्य की पूर्ति हेतु मानव मनोविज्ञान का सहारा लिया है, मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसके चुनावी घोषणा-पत्र में प्रदेश में पूर्णतः शराबबंदी का उल्लेख था, अब वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के डेढ़ दर्जन धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की है, यद्यपि इस कदम से सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचेगी, किंतु सत्तारूढ़ दल को इससे राजनीतिक लाभ अवश्य पहुंचेगा। सरकार के इस फैसले को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की दिशा में ठोंस कदम माना जा रहा है। एक अप्रैल से जिन नगरों में शराबबंदी होगी वे धार्मिक शहर उज्जैन, मण्डला, मुलताई, मंदसौर, मैहर, दतिया, अमरकंटक, औंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, औरछा, चित्रकुट, सलकनपुर, कुण्डलपुर, बरमानकला, लिंगा बरमान खुर्द और बांदकपुर है, इन नगरों में शराबबंदी से राज्य सरकार को करीब पांच सौ करोड़ की राजस्व आय कम हो जाएगी। अब तक नर्मदा तट के बीस जिलों में ह्यपांच किलोमीटरह्ल क्षेत्र में शराबबंदी लागू थी और उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में मुख्य धार्मिक स्थानों से 100-200 मीटर दायरें में पाबंदी थी। सरकार के इस कदम को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की राह का पहला कदम बताया जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे नीतिगत फैसला बताया, प्रदेश के इन उन्नीस नगरों में एक भी शराब की दुकान नही रहेगी, सभी मौजूदा दूकानें हमेशा के लिए बंद हो जाएगी, भाजपा का दावा है कि कांग्रेस की सरकारें ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नही कर पाई, क्योंकि इसमें सरकार के आर्थिक स्त्रोत में कमी आने वाली है, यदि पूरे राज्य में पूर्णतः शराबबंदी की जाती है तो सरकार को करीब तीन हजार करोड़ की आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी, इस हानि के बारे में सरकार का कथन है कि इस हानि की क्षतिपूर्ति अन्य श्रोतों से पूरी कर ली जाएगी। लेकिन यह मध्यप्रदेश का पहला अन्य राज्यों के लिए सार्थक अनुकरणीय कदम होगा।

इस कदम की घोषणा करते हुए सरकार ने यह भी कहा है कि यह फैसला सिर्फ शराबबंदी की दूकानों के लिए लिया गया है, प्रदेश के नागरिकों पर शराबबंदी थोपनें के लिए नहीं, वे अपने घरों में बैठकर शराब का सेवन कर सकते है, पर यहां मुख्य सवाल यह है कि प्रदेश में शराब की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित हो जाएगी तो इसके शौकिन लोग अपना शौक कहां से पूरा कर पाएगें। मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार का लक्ष्य आगामी एक दशक में पूरे राज्य में पूर्णतः शराबबंदी का है, लेकिन साथ ही इस लक्ष्य को लेकर कई संशय भी व्यक्त किए जा रहे है। इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री का राज्य गुजरात है, जहां पिछले कई वर्षों से पूर्ण शराबबंदी लागू है, किंतु वहां पान की दूकानों तक शराब की बिक्री होना बताया जा रहा है, ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ है। यदि मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करनी है तो फिर सरकार को सी इस मामले में ईमानदारी पूर्ण सख्ती अपनानी होगी, क्योंकि प्रदेश के मानव जीवन की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम में लापरवाही नही होनी चाहिए। किंतु यह एक साहसपूर्ण ठोंस फैसला अवश्य होगा जो सत्तारूढ़ दल के लिए राजनीतिक दृष्टि से फायदेमंद सिद्ध होगा।

## ● किसने क्या कहा



ओड़िशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

सतत एवं समावेशी विकास पर आधारित बजट हो



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री

# हर बार सनातन की आस्था पर प्रहार

विशेष | प्रो. मनीषा शर्मा

**तीर्थराज** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है ।

**कुंभ** भारत की सनातन संस्कृति की अद्वितीय शक्ति, आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता का प्रतीक है । यह आत्मा की शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भारत अपनी सनातन संस्कृति के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यह कुंभ आत्मा के शुद्धिकरण और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति का माध्यम है ।कुंभ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को दशार्ता है । कुंभ मेला ' वसुधैव कुटुंबकम' की उस अवधारणा को चरितार्थ करता है जिसमें संपूर्ण विश्व को स्वयं में समाहित करने की शक्ति है । देश दुनिया से अनेक लोग अपने-अपने आस्था- विश्वास की डोर को हाथों में थाम कर, अपने रीति- रिवाज, संस्कार, आचार- व्यवहार को अपने साथ लेकर भारत भूमि पर आए हैं और यहां का दृश्य देख वे आश्चर्य और विस्मय से भर गए हैं । वे देख रहे हैं कि भारत की सनातन संस्कृति किस तरह से अपनी बांहे खोल उनका स्वागत कर रही है। वे देख रहे है यहां की सामाजिक समरसता को जहां लिंग, जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय ,मत, अमीर-गरीब, पूरब - पश्चिम के भेद का कोई अर्थ नहीं है। यहां अनेक को एकाकार होते हुए देखा जा सकता है। तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है । उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है ? क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया। वस्तुतः ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिये थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा? क्या लोगों को रोजगार मिल जाएगा,मंदिर की जगह अस्पताल की देश को जरूरत है आदि? आज उन्होंने गंगा स्नान पर इस तरह का बयान दिया है। बात सिर्फ महाकुंभ या राम मंदिर की नहीं है।

हमेशा से विपक्ष और विपक्ष के नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन की आस्था पर प्रहार करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। ये लोग बताए कि क्या महाकुंभ में आने वाला हर एक व्यक्ति बीजेपी का है। हजारों वर्षों की कुंभ की परंपरा क्या बीजेपी ने शुरू की थी? क्या ये कह सकते है कि हज यात्रा करने से क्या हो जाएगा? जब बात दूसरे धर्म की धार्मिक मान्यताओं की, परंपराओं की होती है तब यह लोग कुछ नहीं कहते परन्तु जब बात सनातन की होती है तो इनके सामने देश की हर समस्या आ जाती है ।इन्हें सनातन संस्कृति की हर एक मान्यता, हर एक प्रथा , प्रत्येक रीति रिवाज अंधविश्वास लगता है। ये अपने बयानों में उसका मजाक उड़ाते हैं। पिछले 15 दिनो में महाकुंभ में 14 करोड लोगों ने पवित्र स्ना न किया है ।क्या ये सभी 14 करोड लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है या योगी ,मोदी सरकार के लोग हैं । इसी के साथ करीब 62 देशों के दो लाख के करीब विदेशी अनुयायियो ने महाकुंभ में स्नान किया जिनमें कई प्रसिद्ध लोग भी है। क्या वह भी बीजेपी के हो गए । आज संपूर्ण दुनिया महाकुंभ के वैभव, सनातन की आस्था को देखकर विस्मित, नतमस्तक है ।लेकिन हमारे देश के हिंदू धर्म में ही पैदा हुए लोग महाकुंभ में पवित्र स्नान को डुबकी लगाना, अंधविश्वास कहते हैं। इन लोगों को ना देश की सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान है, ना परंपरा की समझ है । लेकिन सवाल यही है कि हर बार सनातन पर ही प्रहार क्यों? क्यों हर बार सनातन की परंपरा, मूल्य, नायकों और संस्कृति को निशाना बनाकर प्रहार किया जाता है। भारत को एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में सारा विश्व जानता है राष्ट्र जिसकी एक संस्कृति, परंपरा, साहित्यिक अवधारणा आचार- विचार, व्यवहार होता है। इस संदर्भ में कुंभ महज एक मेला भर नहीं है। वह हजारों सालों से पोषित भारत की सनातन संस्कृति की वह परंपरा है जिसमें सनातन संस्कृति की आत्मा रची बसी है। अतः धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म विशेष की आस्था पर प्रहार नहीं होता है। यह बात बड़े - बड़े बोल बोलने वाले और आस्था का अपमान करने वाले नेता जान लें तभी वे भी देश का और जनता का भला सोच पाएंगे।

# यूसीसी की प्रयोगशाला है उत्तराखंड

गौरतलब | राकेश अचल

**भाजपा** की सरकार के दुस्साहस का लोहा मै शुरू से मानता आया हूँ। लेकिन भाजपा में अभी इतना साहस नहीं है कि वो यूसीसी को उत्तर प्रदेश या केरल जैसे राज्यों में लागू कर दिखाए। इसके लिए भाजपा को एक -दो जन्म और लेना पड़ेंगे। भाजपा चूंकि संघ का उत्पाद है इसलिए उसे एक-दो जन्म लेने में भी कोई संकोच नहीं होगा। भाजपा को पुनः मूषक होने की आदत है।

**देश** पर शासन करने वाली भाजपा और उसके सहयोगी दल सबको साथ लेकर सबका विकास करना ही नहीं चाहते ,इसका सबसे बड़ा प्रमाण है यूसीसी का उत्तराखंड में जबरन लागू किया जाना। भाजपा ने उत्तराखडं को यूसीसी की प्रयोगशाला बना दिया है। केंद्र यदि चाहता तो इस नए कानून को उत्तर प्रदेश समेत देश के उन तमाम राज्यों में एक साथ लागू करा सकता था जहाँ कि भाजपा की सरकारें है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया ,क्योंकि केंद्र उत्तराखंड में इस कानून के नतीजे देखना चाहती है। इस कानून को अदालती परीक्षण से भी गुजरना चाहती है। यूसीसी यानि समान नागरिक संहिता लागू करना भाजपा और संघ का बहुत पुराना सपना है। भाजपा के जरिये संघ अपने पुराने सपनों में खरामा-खरामा रंग भरने में जुटा है। छह साल पहले संघ ने भाजपा के जरिये जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 हटाई और अब बारी समान नागरिक संहिता की है ।भाजपा देश की विविधता को एक ही रंग में रंगना चाहती है और वो रंग है भगवा रंग। भाजपा को देश में एक भाषा,एक भूषा,एक खाना,एक चुनाव यानि सब कुछ एक चाहिए। अगर कुछ एक नहीं चाहिए तो वो है मुसलमानों की मौजूदगी। मुझे भाजपा के इस अभियान से कोई आपत्ति नहीं है। भाजपा इस समय भारत -भाग्य विधाता है। वो जो चाहे सो करे ,कर सकती है। सत्ता उसके हाथ में है। लेकिन भाजपा भूल रही है कि पूरा देश उसके हाथ में नहीं है। केंद्र को यानि भाजपा को एक सम्मान नागरिक संहिता लागू करने से पहले ये जान लेना चाहिए कि देश में अलग-अलग क्षेत्रों की ,जातियों की परम्पराएं ,रीति-रिवाज एक नहीं है। उनमें दखल देना अक्षम्य अपराध है ,लेकिन भाजपा का चरित्र ही एक -दूसरे के मजहब में मदाखलत करने का है। इसके लिए भाजपा रोज नए रास्ते तलाश करती रहती है। पिछले दस साल से भाजपा यही सब तो कर रही है। इस मामले में भाजपा के अनुसन्धान निकाय का लोहा मानना पड़ेगा। देश में एक सामान नागरिक संहिता और एक चुनाव ,एक भाषा लागू करने से पहले देश की तमाम आबादी का सामाजिक,शैक्षणिक और आर्थिक स्तर भी एक समान करना होगा। भाजपा भूल जाती है कि अभी देश में समानता से ज्यादा असमानता यानि की गैर बराबरी है। देश में आधी आबादी के पास न दो जून की रोटी है और न सिर पर छत या छप्पर। तन पर कपड़ा भी नहीं है। हर हाथ को काम भी नहीं है।

## अंकजाल - 7803

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 23 | 25 | ■ | 24 | 11 | 18 | 17 | ■ |
| 21 | 6 | | 7 | ■ | 5 | | 9 | | 20 |
| 20 | | 5 | | ■ | | 5 | | 8 | 23 |
| 12 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 6 | | 19 |
| 26 | | 3 | | 2 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 3 | | 5 | | 24 |
| 20 | | 3 | | 4 | ■ | 2 | | 6 | 13 |
| 22 | 3 | | 7 | | ■ | | 8 | | 19 |
| 18 | | 3 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 12 |
| ■ | 14 | 10 | 18 | 22 | ■ | 18 | 20 | 25 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

*अंकजाल 7802 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 33 | 9 | 26 | ■ | 29 | 20 | 16 | 14 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 8 | 9 | 5 | 4 | 26 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 17 | 8 | 2 | 7 | ■ | 3 | 4 | 6 | 7 | 20 |
| 26 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 29 |
| 17 | 6 | 4 | 5 | 2 | ■ | 5 | 6 | 3 | 14 |
| 27 | 4 | 7 | 8 | 8 | ■ | 5 | 8 | 6 | 19 |
| 25 | 4 | 6 | 8 | 7 | ■ | 3 | 5 | 6 | 14 |
| ■ | 14 | 17 | 21 | 27 | ■ | 19 | 26 | 18 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## जो हो रहा है, उसके जिम्मेदार हम खुद हैं

**हम** मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दुख देता है और न सुख। इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत क्रोध आ रहा था।

## आज का इतिहास

- मुगल साम्राज्य वंश के संस्थापक बाबर ने 1528 में मेवाड़ के राजा राणा सांगा को हराकर चंदेरी के कि ले पर कब्जा किया।
- 'थियोडोर तृतीय' 1676 में रूस के जार बने।
- देश के पहले समाचार पत्र 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' या कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर का कोलकाता से 1780 में प्रकाशन आरंभ हुआ।
- 'प्रथम विश्व युद्ध' में फ्रांस पर जर्मनी ने 1916 में पहली बार हमला किया।
- ब्रिटेन ने 1949 में इजरायल को मान्यता दी।
- संगीत नाटक अकादमी की स्थापना 1953 में हुई।
- सोवियत संघ अंगोला में राजनीतिक समझौते के लिए 1976 में सहमत हुआ।
- 1978 में वायुमंडल की ओजोन परत पर होने वाले दुष्प्रभाव के कारण एयरोसोल स्प्रे को प्रतिबंधित करने वाला पहला देशस्वीडन बना था।
- भारत की सबसे पहली और दो इंजन वाली जंबो ट्रेन तमिलनाडु एक्सप्रेस को 29 जनवरी 1979 को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर मद्रास रवाना किया गया।
- सीरिया और ईरान ने लेबनान में संघर्ष रोकने के लिए 1989 में समझौता किया।
- भारत 1992 में आशियान का क्षेत्रीय सहयोगी बना।
- क्रिकेटर विनोद कांबली का 1993 में टेस्ट में पदार्पण।
- भारत सरकार ने 'एयर कार्पोरेशन एक्ट' 1953 को 1994 में रद्द किया।
- फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने 1996 में भविष्य में परमाणु परीक्षण पर रोक लगाने की घोषणा की।
- अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने 29 जनवरी साल 2002 में राष्ट्र के नाम अपने संदेश में ईराक, उत्तरी कोरिया और ईरान को दुनिया में दुष्टता की धुरी करार दिया। इसके अलावा कई बार बुश ने अपने कार्यकाल के दौरान इसका इस्तेमाल किया।
- हिमाचल विधानसभा 2003 में भंग कर दी गई।
- सेरेना विलियम्स ने 2005 में आस्ट्रेलियाई ओपन का महिला खिताब जीता।

## सुविचार

चिंता से चित्त को संताप और आत्मा को दुर्बलता प्राप्त होती है, इसलिए चिंता को तो छोड़ ही देना चाहिए।

**ऋग्वेद**

कोई मनुष्य दूसरे मनुष्य को दास नहीं बनाता, केवल धन का लालच ही मनुष्य को दास बनाता है।

**पंचतंत्र**

## राशिफल

**मेष** - शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला** - प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

**वृष** - अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** - स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**मिथुन** - व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**धनु** - आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कर्क** - समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**मकर** - लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**सिंह** - मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कुंभ** - पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कन्या** - जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें।

**मीन** - धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

# ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है स्वामित्व योजना

डॉ. सत्यवान सौरभ

**स्वामित्व** की आवश्यकता भारत में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त का दशकों से अभाव रहा है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक़्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण, इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ थे, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो गया। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्त्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गाँव के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए, स्वामित्व योजना विकसित की गई थी। पीएम स्वामित्व ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया।

पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को ₹अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहु-चरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गाँव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं।

# समानता का सेतु : यूसीसी (समान नागरिक संहिता) का नवयुग

गौरतलब | प्रो. आरके जैन

**न्यायिक** प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाने में पंजीकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। तलाक के मामलों में संपत्ति का बंटवारा, बच्चों की कस्टडी और भरण-पोषण जैसे विवादास्पद मुद्दे अक्सर समय-खपत और जटिल हो जाते हैं। पंजीकरण के माध्यम से इन पहलुओं को पहले ही स्पष्ट किया जा सकता है, जिससे न्यायालय त्वरित और सटीक निर्णय लेने में सक्षम बनता है। यह न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाता है बल्कि विवादों को भी न्यूनतम करता है।

**भारत** के संदर्भ में समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन एक युगांतरकारी और दूरदर्शी पहल है। उत्तराखंड इस दिशा में अग्रणी राज्य बन चुका है, जहां 27 जनवरी 2025 से यह संहिता औपचारिक रूप से लागू हो गई है। यह संहिता विवाह, तलाक, गोद लेना और संपत्ति बंटवारे जैसे व्यक्तिगत मामलों में समान कानून सुनिश्चित करती है। विशेष रूप से विवाह और सहजीवन (लिव-इन रिलेशनशिप) का पंजीकरण अनिवार्य करना इस पहल की एक अहम विशेषता है। यह न केवल समाज की संरचना को सुदृढ़ बनाएगा बल्कि नागरिकों के कानूनी अधिकारों और दायित्वों को स्पष्टता प्रदान कर सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देगा। इस कदम के जरिए उत्तराखंड सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर है।

भारतीय समाज में विवाह को एक पवित्र अनुष्ठान और सामाजिक ताना-बाना माना जाता है, जो केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों और उनकी परंपराओं का संगम है। समय के बदलते प्रवाह में सहजीवन जैसे आधुनिक संबंध उभरकर सामने आए हैं, जो तेजी से जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इन संबंधों में पंजीकरण की अनिवार्यता पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करती है। पंजीकृत संबंधों में कानूनी दायित्व पहले से स्पष्ट होते हैं, जिससे विवाद की संभावनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। उदाहरणस्वरूप, पंजीकृत सहजीवन संबंध में जन्मे बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और भविष्य में संपत्ति विवादों का खतरा कम हो जाता है।

महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के संदर्भ में यह कदम क्रांतिकारी है। विवाह और सहजीवन का पंजीकरण सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को कानूनी और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो। तलाक या सहजीवन के समाप्त होने की स्थिति में पंजीकरण के जरिए महिलाओं के लिए मुआवजा, भरण-पोषण और संपत्ति में अधिकार की संभावना अधिक मजबूत हो जाती है। यह विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है जो पारंपरिक सामाजिक ढांचे में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही हैं। पंजीकरण की यह प्रक्रिया महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है, क्योंकि यह उन्हें समाज में सशक्त और सम्मानित बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है।

बच्चों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा में भी पंजीकरण अत्यधिक महत्वपूर्ण है। बिना पंजीकरण वाले संबंधों में बच्चों के शिक्षा, संपत्ति और भरण-पोषण के अधिकार अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। यदि संबंध पंजीकृत हों, तो बच्चों को माता-पिता की कानूनी पहचान और उनके अधिकार सुनिश्चित किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, पंजीकृत संबंध में जन्म लेने वाले बच्चे के लिए शिक्षा और संपत्ति का कानूनी दावा सरल और सुनिश्चित हो जाता है। यह न केवल बच्चों की सुरक्षा करता है बल्कि उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### हाइवा चालक की मौत, घर में हो रही थी शादी की तैयारी

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलदाग पंचायत निवासी विजय सिंह के 22 वर्षीय पुत्र सकेन्दर सिंह की उड़िसा राज्य स्थित सुंदरगढ़ जिले के नीलगिरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीएलटी कंपनी में एक हाइवा से दूसरे हाइवा में टकराने से सिलदाग निवासी सकेंद्र सिंह की घटनास्थल में निधन हो गया। जिनका पार्थिक शव मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब पैतृक गांव सिलदाग पहुंचा। मृतक का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गयी। इस घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि 26 जनवरी को सुबह करीब 5 :00 बजे सकेंद्र अपने हाईवा को लेकर जा रहा था। इसी दौरान उनका हाईवा का टक्कर दूसरे हाईवा से हो गयी। और उनका घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जिसका अंतिम दास संस्कार बाकी नदी के श्मशान घाट में किया गया। वही मृतक सिकंदर सिंह के परिजनों को इछळ द्वारा अंतिम दास संस्कार के कुछ दिनों बाद मुआवजा देने की बात कही गयी है। मृतक युवक की शादी प्रखंड अंतर्गत एक गांव में बातचीत चल रही थी। और इसकी तैयारियां जोर जोर से घर में चल रहा था। जो खुशी के पल, गम में बदल गई और गांव में इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से कोहराम मच गया।

### गुप्त सूचना मिलने पर वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चेपली गांव में अहले सुबह वन विभाग को गुप्त सूचना मिलने पर एक बड़ी कार्रवाई की गयी। सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी करते हुए जंगली सूअर का शिकार किये जाने की पुष्टि की। जंगली सूअर का शव पुआल में छिपाकर रखा गया था, जिसे वन विभाग ने मौके पर जप्त कर लिया। वन कर्मी कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चेपली मे जंगली सूअर मारने की खबर मिली थी। चेपली पहुचने पर पुवाल के अंदर जंगली सूअर को मार कर छुपाया गया था। जंगली सूअर को जप्त कर वन विभाग लाया गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद सूअर को दफना दिया जायेगा। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। वन विभाग की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि इसमें कौन–कौन लोग शामिल थे और इस घटना के पीछे का मकसद क्या था। ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस छापेमारी अभियान में वन कर्मी कुंदन कुमार, संजीत कुमार, निशांत कुमार पप्पू, अनिल चन्द्रवंशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### 15वां वित्त व मनरेगा की जांच को लेकर 05 सदस्यीय टीम गठित करने की मांग : शोभा देवी

**भवनाथपुर** : प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर प्रखण्ड में संचालित 15वां वित एवं मनरेगा की जांच को लेकर पांच सदस्यीय टीम गठन करने की मांग किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत व्यापक भष्टाचार के कारण, मेड़बंधी, वृक्षारोपण, तालाब, डोभा इत्यादि कार्य प्रखण्ड स्तर पर चल रहा है, और 15 वॉ वित्त आयोग की राशि से चबुतरा, पीसीसी, नाली, इत्यादि, सभी कार्यों में अनिमियता बरतने की शिकायत प्राप्त हो रही है, इसलिए प्रखण्ड स्तर पर पांच सदस्यी टीम गठित किया जाये, जिससे भवनायपुर प्रखण्ड के सभी पंचायत क्षेत्र में योजना की जांच की जाये।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

**लोहरदगा** : शहरी क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने तीन लोगों को कुचल दिया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। घटना कचहरी मोड के पास की है। एक सवारी गाड़ी एक मोटरसाइकिल सवार और मोटरसाइकिल को कई किलोमीटर तक लेकर लेकर घसीटता रहा। रास्ते में गाडी कई लोगों को टक्कर मारता रहा। शंख नदी पुलिस पिकेट के पहले सवारी गाड़ी खराब हो कर रुक गया और उसमें आग लग गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दो लोगों की मौत हो गई। मृतक का नाम लोहरदगा निवासी जमील कुरैशी और रामगढ़ निवासी उल्फत अंसारी शामिल है।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस के मौके पर जनता से उपायुक्त हुए रूबरू, रखीं अपनी समस्याएं

# गहन जांच व उचित कार्रवाई करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।सिसई निवासी एक दिव्यांग किसान ने अपनी आर्थिक कठिनाइयों का जिक्र करते हुए सहायता की मांग की। उपायुक्त ने उनकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए बीडीओ सिसई को निर्देश दिया कि उन्हें मनरेगा योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जाए।पालकोट प्रखंड के बाघिमा निवासी टोहन चिक बढ़ाई ने अपनी आदिवासी जमीन पर हो रहे विवाद और फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस मामले की गहन जांच करने और उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कांसिर डांडी अंबा क्षेत्र के ग्रामीणों ने खराब सड़क के कारण होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए कॉंसिर से जमगई तक सड़क के कालीकरण की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए फ्ग्ड विभाग



को कार्रवाई के लिए पत्र अग्रसारित किया। सोसो ग्राम निवासी जय देवी ने अपने आवेदन में बताया कि उन्हें दो व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए जय देवी को सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। गुमला निवासी रानी देवी ने अपने पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मुआवजा राशि की मांग की। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को शीघ्रता से मामले का समाधान करने का निर्देश दिया। पालकोट के बाघिमा क्षेत्र के ग्रामीणों ने विद्यालय के पास दीवार बनने के कारण आवागमन में हो रही कठिनाइयों के समाधान की मांग की। उपायुक्त ने एसडीओ बसिया को इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान जमीन विवाद, आपसी विवाद, दिव्यांगों द्वारा बैटरी चालित रिक्शा की मांग, रोजगार उपलब्ध कराने और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी अनेक आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शेष समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने उपस्थित नागरिकों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।

## लातेहार में यूपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, पुरानी पेंशन की मांग तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस के विरोध में राष्ट्रीय आन्दोलन के तहत मंगलवार को लातेहार जिले के सरकारी और केंद्रीय कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। झारखंड शिक्षक एवं शिक्षा कर्मी फेडरेशन के बैनर तले जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव की अध्यक्षता में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कार्यस्थलों पर बाईकाट यूपीएस लिखी प्रति जलाकर विरोध जताया। कार्यक्रम में जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा हम किसी भी हाल में पुरानी पेंशन योजना चाहते हैं। यूपीएस कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है और देशभर के कर्मचारी इसका विरोध करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी संदीप पासवान ने कहा कि नयी पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य को असुरक्षित बनाती है।इस अवसर पर रविंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार चंद्र, अनीश कुमार सिंह, लॉरेंस भेंगरा, कुंदन कुमार, श्रीराम गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, सुदामा सिंह और अन्य कई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग की।



## जेएससी इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप लीग का आखिरी मैच

# दुमका ने गिरिडीह को 46 रनों से किया पराजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जेएस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 प्लेट ग्रुप के लीग चरण के आखरी मुकाबले में दुमका ने गिरिडीह को 46 रनों से पराजित कर सुपर लीग में आपकी जगह पक्की कर ली। मंगलवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में गिरिडीह के विरुद्ध पहले बल्लेबाजी करते दुमका की टीम ने 40.2 ओवरो में 172रनो का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से करण कुमार सिन्हा ने सर्वाधिक 46रनो की पारी खेली। चैतन्य वीर 29, लक्ष्मण यादव 22 व आयुष ने 20रनो का योगदान दिया। गिरिडीह की ओर से शोएब अंसारी ने तीन विकेट हासिल किये। सौरभ व आदित्या को एक-एक विकेट मिला।




लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिरिडीह की पूरी टीम 30ओवरो में 126रनो पर सिमट गयी। टीम की ओर से सौरभ शर्मा 25, रौनक 22, शिवम व सोहम ने 15-15रनो की पारी खेली। दुमका की ओर से रविंद्र व आर्या ने तीन -तीन व चैतन्य व विभू को दो -दो विकेट मिला। दुमका के रविंद्र मैन ऑफ द मैच बने. अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार, स्कोरर शशिभूषण व जिला संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह ने प्लेयर ऑफ द डे को 5000 कैशमनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इससे पूर्व मनोज कुमार चौधरी, सुनील सिंह, चंद्रशेखर शाहदेव व आकाश आनंद ने जे एस सी ए मैच ऑफिसियल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, मधुसुदन उरांव, यमुना झा, शशि प्रकाश, सनी साहू, विनीत साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला 11 व 12 फरवरी को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 एवं 12 फरवरी 2025 को आयोजित किया जायेगा मेले के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया।

**मेला में आनेवाले आमजनों की भीड़ को बेहतर तरीके से प्रबंधन करने के निर्देश**

**बैठक** में उपायुक्त ने मेले में आने वाले भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रण करने को लेकर योजना बनाने की बात कही। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर सीओ व संबंधित को इस विषय पर प्लान बनाने की बात कही।उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करने व उनके बीच आई कार्ड का भी वितरण करने की बात कही। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर पर्याप्त मात्रा में रखने पर बल दिया।

**नगर निगम को साफ-सफाई रखने के निर्देश**

**बैठक** में उपायुक्त ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित साफ-सफाई रखने पर बल दिया। इस दौरान रंग-रोगन व सुंदरीकरण पर भी चर्चा की गयी।

## मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधक निदेशक आदित्य कुमार सिंह जी एवम मुख्य एडमिशन इंचार्ज ऊ. अशोक कुमार सिंह जी के द्वारा भवनाथपुर में गणतंत्र दिवस के झंडा फहराया गया एवम नर्सिंग कॉलेज का फीता काट कर शुभारंभ साथ ही कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसका उद्देश्य यहां के गरीब बच्चो बच्ची को अच्छी शिक्षा प्रदान किया जाएगा। जिसमें ANM और GNM का भी कोर्स कराया जा रहा हैं उपस्थित मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज के कर्मी गण सहायक मैनेजर अनिल कुमार सिंह महिला परामर्शदाता अंजू कुमारी गुप्ता कंप्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश कुमार गुप्ता नाइट गार्ड राजेश्वर साह सफाई कर्मी मुकेश कुमार उपस्थित थे। और अन्य विनोद चौधरी, डॉ. रामलाल गुप्ता, सीता राम गुप्ता, संजय गुप्ता ,पूनम देवी, लालती देवी, मुकेश कुमार, अशोक करेंसी आदि लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में सेल के खिलाफ मजदूरों का विरोध उग्र, प्लांट के ऑक्शन से आक्रोश

**भवनाथपुर** : एशिया के सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का 38 दिनों से चल रहा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में 09 सूत्री मांग पत्र डीसी के नाम सीओ शंभू राम को सौपा गया। विस्थापि संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह ने कहा की अगर सेल प्रबंधन नें 30 जनवरी तक हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो 31 जनवरी को सेल डीजीएम के आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा। कहा गया कि सेल प्रबंधन सभी प्रकार के मजदूरों का रिटेचमेंट एवं ग्रेच्युटी कि पैसा भुगतान किया जाए, तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू कराया जाए, क्रेशर प्लांट कटिंग के आँक्शन को रद्द किया जाए सहित अन्य मांगे सेल प्रबंधन को मानना होगा। कार्यक्रम में काफी संख्या में विस्थापित मजदूर उपस्थित थे।

## गढ़वा के भ्रष्ट पदाधिकारियों की सम्पत्ति की जांच करायी जायेगी : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति श्री सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अगर मैं जनता से किए वादे पर खरा नहीं उतरा, तो विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री गरीबों का खून लगातार 5 वर्षो तक चूसने के बाद, 23 नवंबर को गढ़वा विधानसभा चुनाव परिणाम/जनादेश को शिरोधार्य करने के बजाय, उन्होंने बैकडोर से भ्रष्ट पदाधिकारियों के माध्यम से गढ़वा जिले/विधानसभा में आउट ऑफ टर्न और बिना प्रशिक्षण के सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर अपने



चहेतों को बैठाया है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों का पूर्व मंत्री के इशारे पर उन्हें खुश करने के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका में रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि खासकर रंका एवं मेराल थाना में रात भर अवैध बालू उत्खनन का कार्य चल रहा है। ऐसी पुष्ट सूचना नहीं, बल्कि वीडियोग्राफी भी भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकताओं ने मुझे भेजी है, जिसका मैं घोर विरोध करता हूं। बालू लोगों को अवश्य मिले, पर निशुल्क मिले। बालू का गोरखधंधा रात में नहीं बल्कि दिन के उजाले में बिना रिश्वत के चले, मैं यह चाहता हूं। ताकि लाभार्थियों को कम दाम पर सुलभ तरीके से बालू उपलब्ध हो एवं ट्रैक्टर मालिक को भी थोड़ी मेहनताना मिल सके। पर यह सरकार और उनके भ्रष्ट पदाधिकारी मानते ही नहीं। गढ़वा विधायक ने कहा कि सभी भ्रष्ट पदाधिकारियों एवं आउट ऑफ टर्न सेवा दे रहे पदाधिकारियों की सूची तैयार कर रहा हूं।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता सेमिनार का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय सेवा योजना, बनवारी शाहू महाविद्यालय, लातेहार के तत्वावधान में जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमवीआई सुन्नी कुमार राम एवं आरईए ऋषि राज ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के विभिन्न मापदंडों की जानकारी दी और सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक नियमों पर विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने भी सड़क सुरक्षा उपायों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। वहीं कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय के व्याख्याताओं और कर्मचारियों ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके साथ ही, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें नेहा कुमारी ने प्रथम, रानी कुमारी ने द्वितीय और अनुप्रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से मंगलवार को जिला खेल स्टेडियम परिसर में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, उपाध्यक्ष अनिता देवी समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने किसानों से कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों के हित में सरकार कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। विधायक ने महिला किसानों की



सराहना करते हुए कहा कि वे कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों को मृदा जांच और वैज्ञानिक विधियों से खेती करने की सलाह दी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि हो सके। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि यह मेला किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने तालाब, आहर, सामूहिक खेती और कृषि यंत्रों के माध्यम से किसानों को समृद्ध बनाने की योजनाओं का जिक्र किया। मेला में एग्री क्लीनिक सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग,जेएसएलपीएस, और अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। मेला के दौरान किसानों को पावर स्प्रे, मूंग का बीज, सिंचाई उपकरण, कुदाल, हसिया, मैनुअल स्प्रेयर आदि का वितरण किया गया।

## सड़क हादसे में छात्र की मौत के बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन, 50 लाख मुआवजा और नौकरी की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : विगत 26 जनवरी को हुए सड़क हादसे में स्कूली छात्र विवेक उरांव की मौत के बाद मंगलवार को ग्रामीणों ने बालूमाथ-हेरहंज सड़क पर प्रदर्शन कर रास्ता जाम कर दिया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने 50 लाख रुपये के मुआवजे, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और घायलों के समुचित इलाज की मांग की। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस के दिन डीवीसी कंपनी के कोयला लदे तेज रफ्तार हाइवा की वजह से एक पिकअप वाहन ने स्कूली बच्चों से भरे टेंपो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में विवेक उरांव की मौत हो गई और टेंपो चालक समेत 11 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में जारी है। मंगलवार को जैसे ही विवेक का



शव रिम्स से घर पहुंचा, स्थानीय मुखिया हीरामनी लकड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बालूमाथ-हेरहंज सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कोयला लदे डीवीसी के हाइवा वाहनों के इस मार्ग पर परिचालन को बंद करने की भी मांग की।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक, किसानों से प्राप्त आवेदनों का हुआ अनुमोदन

# कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित होंगे पलामू के किसान : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले के किसान खेती के माध्यम से बेहतर कर सकें। इसके लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं से उन्हें आच्छादित किये जाने का कार्य जिला प्रशासन की ओर से निरंतर किया जा रहा है। कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित कर किसानों की आय में वृद्धि किया जाएगा। किसान कृषि यंत्र का स्वयं उपयोग करेंगे एवं अन्य कृषकों को भाड़े पर उपलब्ध कराकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। उपायुक्त आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत किसानों से भूमि संरक्षण को प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन हेतु बैठक कर रहे थे। इस दौरान किसानों से प्राप्त अलग-अलग आवेदनों का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित आवेदनों की सूची राज्य को भेजी जाएगी, ताकि किसानों को योजना का लाभ दिया जा सके। राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 24 में कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु महिला स्वयं सहायता समूह महिला सखी मंडल कृषक समूह लेंस पैक्स एवं प्रगतिशील कृषकों को मिनी ट्रैक्टर पावर टिलर उसके सहायक कृषि यंत्र कृषि प्रसंस्करण यंत्र एवं राइस




ट्रांसप्लांटर इत्यादि यंत्रों के वितरण तथा वित्तीय वर्ष 2024 25 में राज्य योजना अंतर्गत छोटे और सीमांत कृषकों स्वयं सहायता समूह महिला सके मंडल कृषक समूह को पंपसेट वितरण की योजना हेतु लाभार्थियों के चयन को लेकर विचार विमर्श हुआ वही वित्तीय वर्ष 2023 24 एवं 2024 25 में राज्य योजना अंतर्गत कृषक समूह महिला समूह अपनी पंचायत जलशा जान समितियां लैंप्स पैक्स या अन्य कृषक संगठनों को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुमोदन पर वितरण मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में निर्णय लिए गए। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कृषक समूह ओ.एस.पी. मद में सखी मंडल की चार समूह को मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र हेतु प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन हुआ। वहीं कृषक समूह एस.सी.एस.पी. मद में सखी मंडल की दो समूहों को मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र तथा प्रगतिशील (व्यक्तिगत) कृषक ओ.एस.पी. मद के लिए एक किसान से पावर टीलर के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन हुआ। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में पंपसेट वितरण के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों से ओ.एस.पी. मद में विभिन्न प्रखंडों के भौतिक लक्ष्य के अनुरूप 336 आवेदन एवं एस.सी.एस.पी मद में 79 आवेदन प्राप्त हुए। इन्हें मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कुपों के लाभान्वित छोटे और सीमांत कृषकों/ स्वयं सहायता समूहों/ महिला सखी मंडल/ कृषक समूह के साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई जल स्त्रोत से लाभान्वित कृषकों ? को भी योजना के तहत पंपसेट/ सोलर पंप सेट उपलब्ध कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024- 25 में राज्य योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अंतर्गत ओ.एस.पी. मद में प्राप्त आवेदन पत्रों में सखी मंडल, कृषक सेवा स्वावलंबी सहकारी समिति लि.,पैक्स आदि के प्राप्त 11 आवेदनों के लिए ट्रैक्टर पैकेज से अच्छादित किये जाने हेतु अनुमोदन हुआ।

## एक झलक

### अभिप्रेरण सप्ताह के तहत सघन विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम जारी

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिले में 'शिक्षा कर भेंट' गतिविधि के अंतर्गत इस सप्ताह को छात्र अभिप्रेरण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत, जिला और प्रखंड स्तरीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा सघन विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देशानुसार, कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की अंतिम समय की तैयारियों का जायजा लेने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गयी है। पदाधिकारी विद्यालयों में जाकर छात्रों से संवाद कर रहे हैं, उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, और शिक्षकों के साथ बैठक कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा कर रहे हैं। अभियान के दौरान प्रमुख गतिविधिया। जयवंती देवगम, अनुमंडल पदाधिकारी, बसिया, नरेश मुंडा, अंचलाधिकारी, बसिया, अविनाश कुजूर, अंचलाधिकारी, भरनो, शेखर वर्मा, अंचलाधिकारी, बिशुनपुर, सुलेमान मुंदरी, बीडीओ, बिशुनपुर, अशोक कुमार चोपड़ा, बीडीओ, गुमला, आलोक रंजन, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी,इन अधिकारियों ने अपने आवंटित विद्यालयों का भ्रमण करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### करनडीह चौक पर जाम की समस्या से निबटने के लिए लगाया बेरियर

**जमशेदपुर** : परसुडीह थाना क्षेत्र के करनडीह चौक पर सड़क जाम की समस्या से निबटने के लिए पुलिस प्रशासन की पहल पर बेरियर लगा दिया गया है। यह बेरियर ठीक चौक पर ही लगा दिया गया है। एक तरफ नहीं बल्कि सड़क के दोनों तरफ बेरियर लगाया गया है। पुलिस प्रशासन को लगता है कि बेरियर लगाकर ही सड़क जाम की समस्या का समधान हो सकता है। यह बेरियर एक दिन पहले ही लगाया गया है। करनडीह चौक के ठीक 50 मीटर की दूरी पर ही रेलवे क्रॉसिंग है। यहां पर तब सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जब ट्रेन गुजरने वाली रहती है। इस बीच चारो तरफ से वाहनों का आवागमन शुरू होता है। लोग पहले वाहन निकालने के चक्कर में जाम की समस्या उत्पन्न कर देते हैं। ऐसे में लगाया गया बेरियर कितना सटीक साबित होता है आने वाले दिनों में ही पता चलेगा। फिलहाल बेरियर का लगना स्थानीय हलको में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जमशेदपुर के पटमदा में दहाड़ने लगा है बाघ, दहशत

**जमशेदपुर** : जी हां! बाघ अब पटमदा प्रखंड क्षेत्र में दहाड़ने लगा है। पश्चिम बंगाल में दहशत फैलाने के बाद अब बाघ पटमदा के गोबरघुसी में पहुंच गया है। इसके निशान भी मिले हैं। इसके बाद जहां वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है वहीं गांव के लोगों में बाघ को लेकर खासा दहशत है। लोग काफी डरे हुए हैं। वे अपने घरों से भी निकलने से संकोच कर रहे हैं। पटमदा के लोग बाघ का सिर्फ पंजे के निशान देखकर ही घबराए हुए हैं। आज सुबह से ही पटमदा में बाघ की चर्चा हो रही है। गोबरघुसी के कुकडू और अपो गांव में बाघ के पंजे का निशान देखा गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 'रन फॉर रोड सेफ्टी' कार्यक्रम का आयोजन; डीसी, पुलिस अधीक्षक, डीडीसी समेत अन्य वरीय पदाधिकारी हुए शामिल

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता व कार्रवाई दोनों जरूरी

■ सड़कों पर यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन करने के साथ-साथ बाइक सवार हेलमेट पहनें, कार में हमेशा सीटबेल्ट का उपयोग करें व तेज गति में वाहन न चलायें : उपायुक्त




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : जिला परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी समेत अन्य पदाधिकारीगण व कर्मिगण शामिल हुए। समाहरणालय परिसर से रवाना यह रन फॉर रोड सेफ्टी (मैराथन दौड़) कोडरमा बाजार होते हुए बजरंगबली चौक पहुंचा। इस दौरान आमजनों से सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का अनुपालन करने का संदेश दिया गया और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा की राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज ₹रन फॉर रोड सेफ्टी₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हर महीने कई लोगों की जान चली जाती है और खासकर इसमें ऐसे बाईक चालक शामिल होते हैं जो हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं। ऐसे में रन फॉर रोड सेफ्टी के जरिए लोगों से यातायात नियमों के अनुपालन करने की अपील की गई है। उपायुक्त महोदय ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कार सवार लोग सीट बेल्ट का प्रयोग करें, शराब का सेवन कर वाहन ना चलायें, दो वाहनों के बीच उचित दूरी बनाकर चलें और सड़कों पर लगे यातायात संबंधी नियमों का पालन करने के साथ साथ बाइक सवार हेलमेट पहने और तेज गति में वाहन न चलाएं। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता और कार्रवाई दोनों जरूरी है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों को जानते हुए भी लोग उन नियमो की अनदेखी करते है और जान गवां बैठते हैं। आमजन अपने व्यवहार में बदलाव लायें और यातायात के नियमों का पालन करें।कार्यक्रम के अंत में कोडरमा स्थित बजरंगबली चौक पर उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया।

## हथियार के साथ नक्सली दम्पति गिरफ्तार



**एजेंसी**

**गिरिडीह** : गिरिडीह पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन के जरिये प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के नक्सलियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में एक बार फिर सीआरपीएफ के साथ जिला पुलिस ने एसपी डॉक्टर विमल कुमार को मिले गुप्त सूचना पर दो नक्सली पति -पत्नी को गिरफ्तार कि है। मंगलवार को मधुबन थाना में प्रेसवार्ता कर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने संयुक्त रूप सेबताया कि जमुआ थाना इलाके के गनियाडीह गांव निवासी तालेश्वर हांसदा उर्फ सेरमा अपनी पत्नी मालती मुर्मू उर्फ गुडी उर्फ गुड़िया के साथ मधुबन थाना इलाके के टेसाफुली जंगल के पहाड़ी इलाके में किसी बड़े नक्सली दस्ते के शीर्ष नेताओं से मिलने जा रहे थे। इस सूचना के आधार पर एएसपी सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की टीम ने सर्च ऑपरेशन के तहत हार्डकोर प्रयाग मांझी दस्ते के सक्रिय सदस्य रहे पति पत्नी नक्सली तालेश्वर हांसदा और मालती मुर्मू को गिरफ्तार करने में सफल रही। इनके पास से नाइन एमएम पिस्टल और दो गोली बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनो नक्सली पति- पत्नी ने कबूला कि वो दोनों नक्सली संगठन से जुड़े हुए हैं। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी अभियान सुरजीत ने कहा कि दोनो के खिलाफ कोई नक्सली कांड का केस दर्ज है या नहीं। इसकी जांच की जा रही है।

### आदित्यपुर से सालगाझड़ी तक डीआरएम ने किया थर्ड लाइन का निरीक्षण

**जमशेदपुर** : यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे की ओर से थर्ड लाइन बिछाई का काम चक्रधरपुर रेल मंडल में युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी कार्य को देखने के लिए रेल मंडल के डीआरएम तरुण भूरिया मंगलवार को आज पहुंचे थे। इस बीच उन्होंने आदित्यपुर से टाटा और सालगाझड़ी स्टेशन तक थर्ड लाइन का निरीक्षण किया। आदित्यपुर में डीआरएम की ओर से आरवीएनएल को स्टेशन का काम जल्द खत्म करने का आदेश दिया। इधर सालगाझड़ी में थर्ड लाइन को लेकर सिग्नल, ट्रैक्शन व अन्य परिचालन यंत्रों की स्थिति को भी देखा। इस बीच उन्होंने परिचालन और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों से भी काम के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने सालगाझड़ी में रेलवे क्रॉसिंग को भी देखा। यहां पर अब रेलवे की ओर से ओवरब्रिज बनाने की योजना है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मना 76वां गणतंत्र दिवस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक राजेंद्र शर्मा, निदेशिका संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और एनसीसी कैडेट्स एवं बैगपाइप बैंड दस्ते द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी लेने से हुई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण शामिल थे। मॉडर्न किड्स पैराडाइस के छात्रों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में छात्र अद्विक अनमोल, लावण्या, गर्वित, रियांश शर्मा, सार्थक नायक, सिद्धार्थ कुमार, प्रियांशु रंजन, अद्विक सिंह, समृद्धि सिन्हा, फैजा अख्तर, जसमीत कौर, काव्य सिंह, तान्या पचीसीआ, विप्रा कुमारी, याशी, सृजा चन्द्रा, अनुश्री बैद्य, अनन्या, रेयांश अग्रवाल, रव्या यादव, रेशमी कुमारी, रॉयल टंडन के अतिरिक्त विद्यालय के छात्र अभिक अनमोल, अनिका चावला, ऋषभ राज, आयुष कुमार, अमायरा मोदी, नमन कुमार, श्रेया कुमारी, अभिनव यादव, संभव कुमार, सृस्टि प्रसाद, कृशु राणा, सुहानी कुमारी, एंजेल कुमारी ने स्वतंत्रता सेनानी एवं अन्य महान लोगो के परिवेश में अपनी प्रस्तुति दी। वहीं छात्रों के द्वारा ड्रिल, योगा एवं ताइक्वांडो की भी प्रस्तुति दी गयी। वहीं इस पावन अवसर पर तीसरे भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र रक्षित राज को स्वर्ण पदक, अमोली मोदी को स्वर्ण पदक एवं रचिता राज को कांस्य पदक प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रों की इन प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को प्रेरित किया और भारत की सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाया।

## चैनपुर प्रखंड में बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ धरना-प्रदर्शन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चैनपुर** : चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिसका नेतृत्व चैनपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष निरंजन बाड़ा ने किया। इस धरने का मुख्य उद्देश्य बैंक की कई समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित करना था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दूर-दराज से आने के बावजूद उन्हें रोजाना हजार-पांच सौ रुपये खर्च करने के बावजूद बैंक की सेवाओं में कोई सुधार नहीं हो रहा है। धरने के दौरान, केवाईसी, कैश निकासी में हो रही परेशानियों, लंबी लाइनों में लगने और बैंक कर्मियों के दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की गयी। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रदर्शनकारियों ने बैंक में ताला जड़ दिया। बाद में, मजिस्ट्रेट मुनेश्वर सिंह और एसआई के द्वारा ताले को खोला गया। इसके बाद धरना दे रहे लोगों ने अपनी समस्याएं शाखा प्रबंधक संदीप कुमार के समक्ष रखीं। शाखा प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने गुमला के लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को बुलाने का प्रयास किया है। एलडीएम ने ग्रामीणों से वातालर्प कर उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### 03 फरवरी को होगा राजकीय मेला का आयोजन

## सुविधाओं को दुरुस्त करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित पर्यटन स्थल सीरा सीता नाले में फरवरी माह के दिनांक 03.02.2025 को आयोजित होने वाले राजकीय मेला , जतरा के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला के नया समाहरणालय भवन, चंदाली स्थित सभागार में एक विशेष बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपायुक्त महोदय ने मेले, जतरा के सुचारू आयोजन के लिए निम्नलिखित आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना। साफ-सफाई करवाना। शौचालय, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना। एम्बुलेंस एवं चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता। मेले स्थल पर आवश्यक रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण कार्य। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेले/जतरा में आने वाले किसी भी यात्री को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बैठक में एसडीओ चैनपुर जिला खेल पदाधिकारी बीडीओ डुमरी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## भारी पुलिस बल की मौजूदगी में चांदनी चौक को किया गया अतिक्रमण मुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : घाघरा अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल ने चांदनी चौंक, लोहरदगा एवम गुमला रोड में अवैध अतिक्रमण को जेसीबी लगा कर खाली कराया। अवैध अतिक्रमण को लेकर पूर्व में ही दुकानदारों को अपने अपने दुकान को हटाने को लेकर नोटिस जारी किया गया था।इसके बाबजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। आज भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अंचल अधिकारी के द्वारा चांदनी चौक को अतिक्रमण मुक्त किया गया। अंचल अधिकारी ने कहा कि बाकी जिन लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए जो समय दिया गया है।तय समय में अपने दुकान हटा लें।नहीं हटाने पर जेसीबी लगा कर वैसे दुकानों को हटाया जाएगा।एवं इसकी भरपाई दुकान मालिक से की जायेगी साथ ही उन्हें कानूनी कारवाई का भी सामना करना पड़ेगा।इस दौरान अंचल कर्मी भी मौजूद थे। जेसीबी चलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग चांदनी चौक में जुटने लगे। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## नाबालिग लड़की की बरामदगी : मानव तस्करी का मामला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : गुरपा से एक नाबालिक लड़की अपनी मां के साथ तिलैया बाजार करने आई थी। बाजार में जाने के बाद वह कोडरमा रेलवे स्टेशन के बाहर ठेले पर नाश्ता करने गई, तभी वह गायब हो गई। लड़की के परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इस संबंध में लड़की की मां ने तिलैया थाना में आवेदन दिया, जिसके आधार पर कांड संख्या-18/2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, कोडरमा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। अनुसंधान के दौरान मिली गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम को राजस्थान भेजा गया। वहां टीम ने नाबालिक लड़की को बरामद किया और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के बाद, नाबालिग ने बताया कि तिलैया में किसी व्यक्ति ने उसे प्रसाद खिलाया, जिसके कारण वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसे कहां ले जाया गया, इसका उसे कुछ पता नहीं। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसने नाबालिक लड़की से शादी करने के लिए समुद्र और लालचंद नामक व्यक्तियों को एक लाख नब्बे हजार रुपये दिए हैं। समुद्र ने गुना, मध्य प्रदेश के कुछ व्यक्तियों से नाबालिक लड़की को एक लाख पचास हजार रुपये में खरीदा था।यह मामला मानव तस्करी से संबंधित प्रतीत होता है, और इस मामले में अन्य कई व्यक्तियों के संलिप्त होने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार व्यक्तिः बनवारी लाल, उम्र-20 वर्ष, पिता-बाबुलाल, साकिन पालखण्डा, थाना-घटौली, जिला-झालावाड़, राजस्थान छापामारी दलः पुनि- सह- थाना प्रभारी, विनय कुमार, तिलैया थाना , मपुअनि मेनका बिरूली, तिलैया थाना, सअनि शांतिभूषण, तिलैया थाना, तकनीकी शाखा के कर्मी एवं तिलैया थाना पैंथर / सशस्त्र बल।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
CIN : U40108JH2013SGC001702
Office of General Manager (IT)
Registered Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004
Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.in

**आम सूचना**

सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्री-पेड स्मार्ट मीटर की स्थापना की जा रही है रांची शहरी क्षेत्र के जिन उपभोक्ताओं के घरों में अब तक प्रे-पेड स्मार्ट मीटर अधिष्ठापित नहीं हुई है वैसे उपभोक्ता जे.वी.बी.एन.एल.के क्षेत्रीय कार्यालय अथवा टोल फ्री नंबर 1912 में सम्पर्क कर सूचित किया जा सकता है।
जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर विद्युत सम्बन्ध के साथ जुड़ा नहीं है वैसे उपभोक्ता के मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप नंबर का अद्यतन (अपडेट) किया जा रहा है। व्हाट्सप्प नंबर एवं मोबाइल नंबर अपडेट कराने हेतु जे.वी.बी.एन.एल. के टोल फ्री नंबर 1912 एवं क्षेत्रीय कार्यालय में पर संपर्क कर अपडेट कराया जा सकता है।
नंबर अपडेट होने के पश्चात , उपभोक्ताओं को उनके विद्युत विपत्र सीधे उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेजे जाएंगे एवं व्हाट्सएप के माध्यम से भी विद्युत विपत्र डाउनलोड भी किया जा सकता है।
उपभोक्ताओं द्वारा निम्नलिखित तरीकों से संपर्क किया जा सकता हैं।
1.झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के रांची शहरी क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय (कार्यपालक अभियंता कोकर – 9431135615 ,कार्यपालक अभियंता न्यू कैपिटल –9431135620, कार्यपालक अभियंता रांची पश्चमी –9431135664, कार्यपालक अभियंता रांची पूर्वी –9431135614, कार्यपालक अभियंता रांची सेन्ट्रल –9431135613, कार्यपालक अभियंता डोरंडा –9470126508)
2.झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड टोल फ्री नंबर– 1912
3.व्हाट्सप्प नंबर – 943151135503

धन्यवाद
झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
PR 345303 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D

**कार्यालय :- जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 03/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | जिला उद्यान कार्यालय, गुमला |
| 3 | इच्छा की अभिव्यक्ति दस्तावेज प्राप्ति की तिथि एवं समय | 29.01.2025 के अपराह्न 01:00 बजे से 04.02.2025 के अपराह्न 03:30 बजे तक |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एव संमय | 04.02.2025 के अपराह्न 3:30 बजे तक |
| 5 | इच्छा की अभिव्यक्ति दस्तावेज प्राप्ति स्थान | जिला उद्यान कार्यालय, गुमला |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला उद्यान कार्यालय, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.02.2025 के अपराह्न 12:30 बजे या परिवर्तन भी हो सकता है। |

**कार्य का विवरण**

| क. सं. | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | इच्छा की अभिव्यक्ति दस्तावेज शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड नर्सरी का रख–रखाव के तहत जीर्णोद्धार, साफ–सफाई, पेंटिंग एवं अन्य कार्य | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 15 मार्च 2025 तक |

नोटः–
1. निविदा पत्र तथा निविदा की अन्य नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 04.02.2025 के अपराह्न 03:30 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 05.02.2025 के अपराह्न 12:30 बजे जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

PR 345269 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला

## एनएमएल पंकरी बरवाडीह में धूमधाम से मना 76वां गणतंत्र दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : 76वां गणतंत्र दिवस एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भारत के संविधान के निमार्ताओं के साथ साथ स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रोजेक्ट की सफलता में योगदान देने वाले कर्मचारियों की मेहनत को सराहा गया। समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई, जिसे फैज तैय्यब प्रोजेक्ट हेड ने किया। इसके बाद उन्होंने साइट पर तैनात सीआईएसएफ और एसआईएसएफ के टुकड़ी का निरीक्षण किया, और उनकी सेवा के प्रति सम्मान और प्रशंसा व्यक्त की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को सलाम किया और पकरी बारवाडीह प्रोजेक्ट द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और टीमवर्क की सराहना की, जिसने प्रोजेक्ट की निरंतर प्रगति और सफलता में योगदान दिया। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा 'आपकी अथक मेहनत ने न केवल प्रोजेक्ट की वृद्धि में योगदान दिया है, बल्कि हमारे राष्ट्र की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाई है'। समारोह में गुब्बारे छोड़े गए, जो स्वतंत्रता और एकता की भावना के प्रतीक थे, और कर्मचारियों को उनकी असाधारण योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। कर्मचारियों को बीयूएच मेरिटोरियस अवार्ड, मानवीयता पुरुष पुरस्कार, और पावर एक्सेल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता मिली। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मनोरंजक गतिविधियाँ भी शामिल थीं, जिनमें महिलाओं के लिए खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। कर्मचारियों, महिला क्लब के सदस्यों और बाल भवन के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया, जिससे दिन की खुशहाल और उत्सवी भावना में चार चांद लग गए। आयोजन का समापन गर्व और एकता की भावना के साथ हुआ, जिसने एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट की निरंतर वृद्धि और सफलता के प्रति सभी कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता को फिर से सशक्त किया। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## एक झलक

### हितजारा में 54वां टुसू मिलन महोत्सव 01 फरवरी को

**बुंडू :** सोनाहातू प्रखंड के हितजारा गांव में हर वर्ष की भांति 54वां टुसू मिलन महोत्सव आगामी1 फरवरी को होगी। इस अवसर पर फुटबॉल खेल प्रतियोगिता, मुर्गा लड़ाई एवं टुसू – चौड़ल प्रदर्शनी आयोजित की गई है। फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम को एक लाख इक्कीस हजार एवं उपविजेता को इक्कासी हजार तथा तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को पच्चीस–पच्चीस हजार रुपए नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। फुटबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमें हिस्सा ले रही है। ग्रुप ए में रोहन स्पोर्टिंग चाण्डिल, भूमि स्पोर्टिंग, आरएम ब्रदर्स लालगुटुआ, रांची, आयांश एग्रीपावर ईचागढ़ एवं ग्रुप बी में ब्राण्ड जंगल एफसी ओरमांझी, कार्तिक ब्रदर्स रांची, एफसी दुल्मी, एवं हजारीबाग एफसी की टीमें शामिल है।

### कस्तूरबा बुंडू की दो छात्राओं का एसजीएफआईअंडर-19 नेशनल क्रिकेट टीम में चयन

**बूंडू :** झारखंड सरकार झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर-19 नेशनल क्रिकेट टीम मेंअंडर-19 नेशनल क्रिकेट टीम में पीएम श्री कस्तूरबा बुंडू के दो छात्रा काजल कुमारी कक्षा 12, और रिया कुमारी कक्षा 11, विद्यालय का चयन हुआ है। इनके चयन होने पर पूरे विद्यालय परिवार और पंचपरगना क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं और दोनों छात्राएं झारखंड टीम के साथ कल 26 जनवरी को मैच खेलने के राजस्थान के लिए प्रस्थान कर गईं ,काजल पूर्व में भी जे एस सी ए द्वारा आयोजित अंडर 15 और अंडर 17 स्टेट टीम में खेल चुकी हैं इनके चयन होने पर विद्यालय की वार्डन भूमिका कुमारी एवं फिजिकल टीचर सुनीता महतो ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य कामना की है।

### बुंडू अनुमंडल पुलिस ने 53 एकड़ भूमि पर लगी अफीम फसल नष्ट की



**बुंडू :** अनुमंडल पुलिस ने मंगलवार को बुण्डू, तमाड़, दशमफॉल, सोनाहातु एवं राहे थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर नष्ट किया।बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश द्वारा जारी प्रेस बयान के अनुसार बुण्डु थाना क्षेत्र में18 एकड़,तमाड़ थाना क्षेत्र में 19 एकड,दशमफॉल थाना क्षेत्र में06 एकड,सोनाहातु थाना क्षेत्र में 02 एकड तथा राहे थाना क्षेत्र 08 एकड़ सहित कुल 53 एकड़ जंगली एवं झाड़ के आड़ में की गई अफीम की फसल नष्ट की।अभियान में बुण्डू, तमाड़, दशमफॉल, सोनाहातु एवं राहे थाना की पुलिस शामिल थी।

### प्रसिद्ध जसपुरिया काड़ा पूजा मेला सम्पन्न



**अनगड़ा :** प्रसिद्ध जसपुरिया काड़ा पूजा मेला मंगलवार को संपन्न हो गया। काड़ा की पूजा की गई। इसके अलावा पांच सौ से अधिक बकरे की बलि दी गई। मेला में आसपास के कई जिलों से श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा मुख्य कोटवार सुरेन्द्र सिंह व पुजारी मैनेजर पाहन ने किया। मान्यता है कि मन्नत पूरा होने के बाद श्रद्धालु यहां पर काड़ा व बकरे की बलि देते है। मेला का नेतृत्व श्रवण कुमार मुंडा व संचालन फारूक खान व शिवधर रजवार ने किया। मेला में अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक पारसनाथ भोगता, सचिव मनीराम रजवार, कोषाध्यक्ष जयनंदन सिंह, जगेश्वर सिंह, बीरबल सिंह, महेश महतो, नंदलाल राम, मुखिया राजेन्द्र बेदिया, बिनोद रजवार, सीताराम रजवार, उपमुखिया मनी मुंडा, प्रकाश यादव, फारुख खान, आनंद महतो, विजय करमाली, सुरेश करमाली, सूरज मुंडा, भोला सिंह, बिहारी महतो आदि का योगदान रहा।

### तीन दिवसीय मां शक्ति पीठ मेला 30 जनवरी से

**अनगड़ा :** तीन दिवसीय मां शक्ति पीठ मेला सालहन पतरा मैदान में 30 से एक फरवरी तक आयोजित की जा रही है। इसका उदघाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो करेंगे। मेला का मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, संयोजक सिकंदर अंसारी, बरतू मुंडा, सरक्षक डा. रिझू नायक, बाबा एतवा भगत, अध्यक्ष राजू नायक, खेलप्रभारी नीकू मुंडा, सूरज करमाली, नीरज करमाली, रितेश करमाली, सचिव मनक करमाली, कोषाध्यक्ष दीपक मुंडा, सूरज नायक को बनाया गया। रामकुमार पाहन ने बताया तीन दिवसीय मेला का मुख्य आर्कषण बालक व बालिका फुटबाल टूर्नामेंट है।

## उपायुक्त से केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने की मुलाकात

# उचित समाधान निकाले जाने का दिया आश्वासन

- फ्लाईओवर निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण से केन्द्रीय सरना स्थल पर पड़नेवाले प्रभाव के बारे में दी जानकारी
- उपायुक्त के निर्देश पर स्थानीय समन्वय समिति ने स्थल का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री से मंगलवार को केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने मुलाकात की। समिति द्वारा कांटाटोली से सिरम टोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर निर्माण लिए भूमि अधिग्रहण से केंद्रीय सरना स्थल पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की एवं अन्य सदस्यों को आश्वश्त किया गया कि पूरा मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में है, एवं अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि इस मामले को लेकर स्थानीय समन्वय समिति का गठन कर दिया गया है। उन्होंने तत्काल अपने कक्ष में समिति से संबंधित पदाधिकारियों को बुलाकर स्थल भ्रमण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश के बाद समिति द्वारा सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल का निरीक्षण भी किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा केंद्रीय सरना समिति से अपील की गई कि वो किसी के बहकावे में ना आएं, जिला प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले में उचित समाधान निकाला जाएगा ताकि केंद्रीय सरना स्थल का अस्तित्व एवं धार्मिक पहचान किसी भी तरीके से प्रभावित न हो।

## केश फिटनेस यूनिसेक्स जिम ने मनाया अपना दूसरा स्थापना दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** केश फिटनेस यूनिसेक्स जिम, ने अपने दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मूरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों शामिल थे। पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों - स्क्वाट्स, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट के संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई। पुरुष वर्ग के विजेताप्रथम स्थानः निशांत, रोशन, देवराज और एम.डी. बिलाल। द्वितीय स्थानः शुभम, निर्मल, सूरज और अरुण।तृतीय स्थानः अंकुर, रामजीवन, आदित्य और अमित। वहीं महिला वर्ग मे प्रथम स्थानः शारदा, द्वितीय स्थानः सुभ्रा। प्रतियोगिता में निशांत अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक होते हैं। जिम के मालिक केशव कुमार महतो ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जिम सिल्ली के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## टेरर फंडिंग मामला : एनआईए की छापामारी में बरामद पैसे वापस दिलाने की मांग वाली सुदेश केडिया की याचिका खारिज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** टेरर फंडिंग केस के आरोपित सुदेश केडिया को मंगलवार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केडिया की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने वर्ष 2018 में एनआईए की छापेमारी में उसके आवास और कार्यालय से एजेंसी के जरिये बरामद किये गये 9 लाख 95 हजार रुपये वापस करने की मांग की थी। यह मामला चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआईए की छापेमारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये उनके व्यवसाय का है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी इसलिए एनआईए के जरिये बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये को उन्हें वापस दिलाया जाए लेकिन हाई कोर्ट ने जब्त पैसे रिलीज करने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में कई आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है। एनआईए ने जांच के दौरान यह पाया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था। टेरर फंडिंग मामले के आरोपितों में आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, टीपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी, क्षेत्रीय कमांडर ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, भीखन गंझू उर्फ दीपक गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, मुनेश गंझू, बीरबल गंझू, मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, कोहराम एवं अनिश्चय गंझू शामिल हैं।

## रंगारंग प्रतियोगिता का आयोजन, 52 बच्चों ने चित्रकला गायन में जीता इनाम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रोटरी क्लब नॉर्थ, मेरी आवाज मेरी पहचान और बाल संस्कारशाला के संयुक्त तत्वाधान में कला नृत्य और सिंगिंग कार्यक्रम ए बी डेविस मेमोरियल हॉल डेविस हॉस्पिटल कांके में आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रतियोगिता में आर्ट और क्राफ्ट में हिस्सा लेने के साथ-साथ अपने-अपने मनमोहक नृत्य से सभी को भाव विभोर किया। सुलोचना शाहदेव के कुशल संचालन में बच्चों ने जबरदस्त गाने गाकर समां बांधा । छोटे बच्चों ने देशभक्ति गाने पर ऐसा जबरदस्त डांस किया कि लोगों के मन में जोश भर दिया । कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों का बच्चों ने खूब मनोरंजन किया । बाल संस्कारशाला के 52 बच्चों ने चित्रकला गायन एवं नृत्य में भाग लेकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉलीवुड एक्टर देवेश खान मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों में काफी प्रतिभा है। बच्चों के माता-पिता को बच्चों पर मेहनत करना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ संगीत भी जरूरी है। विशिष्ट अतिथि आनंद जालान, गणमान्य अतिथि किशन अगरवाल , बुलंद अख्तर, किशन अग्रवाल, गुलजार खान, शिक्षिका सुलोचना शाहदेव, कृति शाह, सुरभि रंजन एवं श्रीमती पूजा यादव उपस्थित थे। निर्णायक मंडली में प्रबंधक हेजल डेविस हॉस्पिटल कांके, मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक कुमार गहलोत और सचिव कविता होरो, जुनैद आलम, राहुल कुमार, वीणा श्री, पिया बर्मन, राजीव रंजन रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ रांची के अध्यक्ष निहार कांता दास, सचिव रिचड दोलय और रोटरी क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## एक दिवसीय युवा महोत्सव में काफी संख्या में उमड़ी भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सिरका मैदान में मंगलवार को एक दिवसीय युवा महोत्सव में काफी संख्या में भीड़ उमड़ी। मुख्य आर्कषण बालिका फुटबाल की विजेता लाल बादशाह तुरूप व उपविजेता नवागढ़ की हरड़ाबेड़ा की टीम बनी। चौड़ल की विजेता को नकद पुरस्कार दिया गया। रात में रंगारंग आर्केस्ट्रा कार्यक्रम किया गया मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, डा. अमर कुमार चौधरी, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही, वीरेन्द्र सिं भोगता । अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष रौशनलाल मुंडा व संचालन धर्मेंद्र सिंह ने किया । आयोजन को सफल बनाने में साहेबराम महतो, प्रणव महतो, पारसनाथ महतो, फलीन्द्र महतो, अजीत महतो, सीताराम मुंडा आदि का योगदान रहा। मेले शामिल शिवलाल महतो,दुर्गा महतो, उप मुखिया प्रदीप उरांव, जयशंकर पाहन सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## हम अपने देश की अखंडता व एकता को बनाये रखने में अपना पूर्ण सहयोग दें : संतोष गुप्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस प्रखण्ड सहित ओरमांझी क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गईं। गणतंत्र दिवस के मौके पर गांव की गलियों में बच्चे सुबह से ही भारत माता की जय, महात्मा गांधी की जय, वंदे मातरम आदि राष्ट्रभक्ति नारा लगाने लगे। क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों राजनीतिक दल के कार्यालयों व सरकारी व निजी स्कूलों में झंडोतोलन कर वीर शहीदों को नमन किया। लोगों ने शहीदों के योगदानों को याद किया। इस दौरान मौजूद बतौर मुख्य अथिति समाजसेवी सह उप मुखिया संतोष गुप्ता ने उकरीद स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय उकरीद ओरमांझी में झंडोत्तोलन किया। मौके पर मुखिया दीपक बड़ाइक ने तिरंगे की शान हमेशा बनाए रखने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया. वहीं उप मुखिया संतोष गुप्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे सशक्त भारत की पहचान है. अतः हम सब का यह दायित्व है कि हम अपने देश की अखंडता व एकता को बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग दें। मौके पर मुखिया दीपक बड़ाइक, प्रधान रामदयाल मुंडा, पूर्व मुखिया मीना देवी, कुलदीप तिवारी, अमिताब पांडे सहित कई लोग मौजूद थे।

## भुवनेश्वर बेदिया के नवागढ़ पहुंचने पर हुआ स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड के श्रेष्ठ मुखिया के पुरस्कार से सम्मानित नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया का मंगलवार को दिल्ली से वापस नवागढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। फूल मालाओं से इन्हें लादकर, ढोल-नगाड़ा के साथ इनका ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। भुवनेश्वर बेदिया अपनी पत्नी करूणा देवी के साथ दिल्ली से श्रेष्ठ मुखिया का पुरस्कार लेकर आज लौटे है। जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, नवागढ़ पंसस फाल्गुनी शाही के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में भुवनेश्वर बेदिया को श्रेष्ठ मुखिया के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। केन्द्रीय पंचायत राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इन्हें पुरस्कार दिया। भुवनेश्वर बेदिया के साथ साथ झारखंड के विभिन्न जिलों के 14 मुखिया को सम्मानित किया गया है। भुवनेश्वर बेदिया को पंचायत में स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, हर घर नल-जल योजना, जैविक खेती व पंचायती राज विचार को पंचायत में सुव्यवस्थित तरीके से लागू करने के कारण सम्मानित किया गया। स्वागत करनेवालों में संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, दिलीप मिर्धा, विवेकानंद शाही, रेखा देवी, संजय बेदिया आदि शामिल थे।

## प्रखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी ओरमांझी कार्यालय के निकटस्थ पंचायत सभागार में प्रखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रा. मध्य विद्यालय ओरमांझी (बालक) के प्रधानाध्यापक सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी डॉ. नसीम अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में उपस्थित बीपीओ रीना यादव एवं विशिष्ट अतिथि जिला स्तर पर पुरस्कृत उत्कृष्ट शिक्षिका पुष्पा लुगून प्रधानाध्यापिका रा. प्राथमिक विद्यालय पाहनटोली उपस्थित रहीं। ज्ञात हो कि जिला शिक्षा अधीक्षक रांची के आदेशानुसार गठित प्रखंड स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक चयन समिति के द्वारा प्रखंड के तीन उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन कर उनका नाम जिला भेजा गया था ओरमांझी प्रखंड से चयनित तीन उत्कृष्ट शिक्षकों में से एक शिक्षिका पुष्पा लुगुन को उपायुक्त रांची के द्वारा गणतंत्र दिवस के दिन जिला स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक रांची के आदेश अनुसार प्रखंड स्तरीय चयनित शेष दो शिक्षकों को सम्मानित किए जाने हेतु प्रखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इससे पूर्व उत्कृष्ट शिक्षकों एवं अतिथियों को तिलक लगाकर एवं रा. मध्य विद्यालय ओरमांझी (बालक) की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा प्रखंड स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षकों अनिरुद्ध प्रसाद श्रीवास्तव एवं श्रीमती बेबी कुमारी को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक व धन्यवाद ज्ञापन रा. मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी के प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओरमांझी डीडीओ डॉ नसीम अहमद बीपीओ रीना यादव विमलेश कुमार मिश्रा उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत शिक्षिका पुष्पा लुगुन अनिरुद्ध श्रीवास्तव बेबी कुमारी अरविंद कुमार सहदेव कुमार संतोष तिवारी अब्दुल रहमान अंसारी युधिष्ठिर महतो उषा लकड़ा अपर्णा मिश्रा लाल बहादुर शर्मा पवन प्रकाश उमेश कुमार रवि राजेश्वर महतो संकुल साधन सेवी दिलीप कुमार सहित प्रखंड चयन समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में शिक्षक शिकायत उपस्थित थे।

## राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने की सीएम से की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नेपाल हाउस सचिवालय परिसर में सचिवालय सेवा संघ, झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ, झारखंड वित्त सेवा संघ, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक हुई ।बैठक में श्री हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किए गए कर्मचारी हित एवं राज्यहित के कार्यों की सराहना करते हुए स्वागत किया गया और एक स्वर से एकजुट और एकताबद्ध होकर मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन झारखंड सरकार से राज्य कर्मियों (सरकारी कर्मियों) की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की गई एवं कर्मचारी संघ/महासंघ के नेताओं ने झारखंड सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि रोज-रोज हो रहे राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति और राज्य में सरकारी कर्मियों की कमी को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए। हम सभी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सरकार से अपार आशाएं और विश्वास है कि वे हमारी मांगों को पूरा करेंगे। आज की इस संयुक्त बैठक में सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष श्री ध्रुव प्रसाद, महासचिव श्री सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय कुमार बरनवाल, अमित कुमार झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर, महासचिव साहेब राम भोक्ता, उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, राज्य सचिव रामसेवक महतो, जयराम प्रसाद *झारखंड वित्त सेवा संघ के अध्यक्ष रतन कुमार, महासचिव आमोद कुमार अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर एवं अब्दुल्ला, संतोष कुमार, सलीन साहाय तिग्गा, संजय कंडुलना एवं बालेश्वर पासवान उपस्थित थे।

# महाकुम्भ 2025 की परिवर्तनकारी यात्रा : तीर्थयात्रा अनुभव को सुगम बनाती भारतीय रेल



**रवीन्द्र गोयल**

**महाकुम्भ** 2025 में लाखों तीर्थयात्रियों को पवित्र नगरी प्रयागराज पहुंचाने में भारतीय रेल ने अपनी भूमिका नए सिरे से परिभाषित की है। परिवहन प्रदान करने के साथ ही रेलवे विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवा भी सफलता पूर्वक संचालित कर रही है। महत्वपूर्ण उन्नयन, अभिनव समाधान और समावेशिता की प्रतिबद्धता के साथ रेलवे, इस व्यापक धार्मिक आयोजन में प्रचालन तंत्र के नये मानक स्थापित कर रही है।

**आधुनिक बुनियादी ढांचे से आध्यात्मिक उद्देश्य की पूर्ति**

**भारतीय** रेल ने पवित्र संगम के यात्रा अनुभव और इसे आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने प्रयागराज में रेलवे के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि की है। भारतीय रेल द्वारा महाकुम्भ की तैयारियों में 2 वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक राशि से यहाँ मौजूद रेलवे स्टेशनों को आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया गया है। रेलवे स्टेशन जो केवल यात्रा एवं रेलगाड़ियों के ठहराव और आने-जाने का स्थान थे, अब तीर्थयात्रियों के स्वागत के प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की सुविधा आरंभ किए जाने से यह स्थान अब यात्रियों की सुगमता पूर्ण स्थानों में तबदील हो गए हैं। कलर कोडेड यात्री आश्रय गृह, दिशा-निर्देशक रंगीन टिकटें और दिशा संकेतकों जैसी सुविधाओं ने यात्रियों



के लिए रास्ता समझना सरल बना दिया है। इससे तीर्थयात्रियों को मार्ग खोजने में सुगमता हो रही है। इन उन्नत सुविधाओं ने रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रा के अनुभव को और अधिक सुखद बनाया हैं। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

**आम जनता के लिए नये आश्रय स्थल और बेहतर सेवाएं**

**लगभग** एक करोड़ तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन आने की उम्मीद को देखते हुए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय और सेवाएँ प्रदान करना एक बहुत बड़ा काम है। भारतीय रेल ने इस चुनौती को अपनाते हुए, 17 नए यात्री आश्रय गृहों के निर्माण एवं स्टेशनों को 1,10,000 से अधिक यात्री क्षमता वाला बनाया गया है, जो पहले केवल 21,000 थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लेटफॉर्म के निर्माण से कुल 48 प्लेटफॉर्म हो गए हैं, और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, बेबी फीडिंग पॉड्स और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च माँग के बावजूद सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हुई हैं।

**समावेशी एवं सुलभ अनुभव**

**भारतीय** रेल ने सभी के लिए महाकुम्भ 2025 के अनुभव को अधिक आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ May I Help You बूथ और लॉजिस्टिक ट्रॉलियों की शुरूआत एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है, जिससे उन्हें सुगम और आरामदायक आवागमन का अनुभव मिल रहा हैं। सरकार के 'सुगम्य भारत मिशन' के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई हैं। यह प्रयास समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई (बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक) इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

**महाकुम्भ भविष्य के लिए एक मानक बना है**

**परंपरा** को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बना दिया है, जो उन्नत और आरामदायक होने के साथ ही मॉर्डन सुविधाओं से युक्त है। रेलवे, तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, उनके अनुभव को अभूतपूर्व बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। भारतीय रेल, महाकुम्भ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है।

**(लेखक परिचालन और व्यवसाय विकास रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं।)**

## एक झलक

### पार्ल रॉयल्स ने एसएक 20 में डरबन्स सुपर जाइंट्स को हरा कर बनाया रिकार्ड

**पार्ल** : रूबिन हरमन और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस के बीच हुई शानदार साझेदारी की सहायता से पार्ल रॉयल्स ने डरबन्स सुपर जाइंट्स को छह विकेट से हराकर एसए 20 में सभी मैच जीतकर एक नया रिकार्ड बनाया है। यह पहली बार है जब इस टूर्नामेंट के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अपने सभी पांच मैचों में जीती है। वहीं डरबन्स सुपर जाइंट्स अब प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। इस मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर जाइंट्स ने मार्कस स्टोइनिस के नाबाद 55 रनों की सहायता से अर्धशतक और केन विलियमसन के 45 की पारी से सात विकेट पर 143 रन बनाये। वहीं रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट लिए। रॉयल्स ने इसके बाद रूबिन के अर्धशतक 59 रन और हुआन के 43 रनों की सहायता से दूसरे विकेट के लिए 91 रन बनाकर 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गयी है।

### विराट ने रणजी के लिए किया अभ्यास

**नयी दिल्ली** : अनुभवी बल्लेबाज बल्लेबाज विराट कोहली एक दशक से भी अधिक समय के बाद रणजी के लिए अभ्यास करते दिखे। कोहली को 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलना है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के बाद क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है। विराट ने अपना पिछला रणजी मुकाबला साल 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। कोहली सुबह अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे और वह टीम के खिलाड़ियों से मिले। अभ्यास के बाद सभी ने कुछ समय तक फुटबॉल भी खेला। दिल्ली के सभी खिलाड़ी पहली बार कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर रहे हैं और ऐसे में वह उन्हें अपने बीच पाकर बेहद उत्साहित दिखे। उन्होंने मुख्य कोच सरनदीप सिंह के मार्गदर्शन में अभयास किया। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से समय मिलने पर घरेलू क्रिकेट खेलने के निर्देश दिये हैं। इसी कारण रोहित शर्मा ने मुंबई और ऋषभ पंत ने दिल्ली जबकि शुभमन गिल ने पंजाब की ओर से हाल में रणजी मुकाबला खेला था पर ये रन बनाने में विफल रहे थे। वहीं ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए 12 विकेट लिए थे और शुभमन गिल ने पंजाब की ओर से शतक लगाया था।

### ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के गायक मार्टिन भी हुए बुमराह के प्रशंसक

**मुम्बई** : भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रशंसकों की सूची में अब ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के मुख्य गायक क्रिस मार्टिन भी शामिल हो गये हैं। कोल्डप्ले ने 18 से 26 जनवरी के बीच देश भर में 5 संगीत कार्यक्रम किये हैं। इसी दौरान मार्टिन ने नवी मुंबई में अपने एक शो के दौरान बुमराह को दुनिया में नंबर 1 कहा, जिस पर बुमराह ने भी सोशल मीडिया के जरिये आभार जताया। अब जब मार्टिन और उनके बैंड ने अहमदाबाद में कॉन्सर्ट किया तो मंच पर बुमराह की टेस्ट जर्सी देखी गयी।

# आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुनी गयी अमेलिया



एजेंसी

**दुबई** : न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने मंगलवार (28 जनवरी) को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। केर ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते पहली बार राचेल हेहो-फ्लिंट ट्रॉफी जीती और ऐसा करने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।

**टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक प्रदर्शन**

**केर** ने अक्टूबर 2024 में दुबई में हुए टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड को पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 43 रन बनाए और 3/24 का स्पेल फेंका। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दोनों पुरस्कारों से नवाजा गया। टी20 विश्व कप में, अमेलिया केर ने 6 मैचों में 15 विकेट लिए और 7.33 की शानदार औसत से गेंदबाजी की। साथ ही, बल्ले से 135 रन भी बनाए। पूरे साल टी20 प्रारूप में, उन्होंने 15.55 की औसत से 387 रन बनाए और 29 विकेट हासिल किए।

**अमेलिया केर ने इस उपलब्धि पर कहा**

"आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फि्लंट ट्रॉफी जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। व्यक्तिगत पुरस्कारों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, लेकिन यह वाकई खास है। न्यूजीलैंड के लिए योगदान देना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय"

**वनडे में भी किया कमाल**

**50 ओवर** के प्रारूप में भी केर का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 2024 में 33.00 की औसत से 264 रन बनाए और 14 विकेट अपने नाम किए। इनमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार-चार विकेट लेने के शानदार स्पेल शामिल हैं।

**अन्य नामांकित खिलाड़ी**

**अमेलिया** केर ने यह पुरस्कार जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट, श्रीलंका की चमारी अथापट्टू, और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। इसके अलावा, उन्होंने महिला टी20ई क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब भी अपने नाम किया।

**न्यूजीलैंड के क्रिकेट में नयी ऊंचाई**

**अमेलिया** केर की यह उपलब्धि न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ी प्रेरणा है और यह दिखाती है कि कैसे उनकी मेहनत और कौशल ने टीम को नए मुकाम तक पहुंचाया।



# जसप्रीत बुमराह बने आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर

## अवॉर्ड जीतनेवाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज; 2018 में कोहली को मिला था सम्मान

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : जसप्रीत बुमराह ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड जीत लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक को अवॉर्ड की रेस में पीछे छोड़ा। ये सम्मान पाने वाले बुमराह पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। मंगलवार शाम क्ळउ ने अवॉर्ड की घोषणा की। बुमराह ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी जीता था। 5 साल बाद किसी भारतीय को 'सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड' मिला। 2018 में आखिरी बार विराट कोहली ने इसे जीता था। विमेंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमीलिया केर ने जीता। उन्होंने पिछले साल टीम की विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

**टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे**

**जसप्रीत** बुमराह ने 2024 में 2 ही फॉर्मेट खेले, लेकिन दोनों में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के 8 मुकाबलों में उन्होंने 15 विकेट लिए थे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनामेंट भी चुना गया था। उन्होंने महज 4.17 की



इकोनॉमी से रन खर्च किए थे, जिसकी मदद से टीम ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।

**टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी जीता**

**बुमराह** ने टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी अपने नाम किया। उन्होंने पिछले साल 13 टेस्ट में 71 विकेट लिए थे। इसी साल जनवरी में खत्म हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने क्ळउ की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में 900 रेटिंग पॉइंट्स भी हासिल किए थे। वे टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के 5 टेस्ट में बुमराह ने 32 विकेट अपने नाम किए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला था। इतना ही नहीं, उन्होंने पर्थ टेस्ट में कप्तानी करते हुए टीम को दौरे पर इकलौती जीत भी दिलाई थी। आईसीसी के क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीतने वाले प्लेयर को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी दी जाती है। बुमराह इस अवॉर्ड को जीतने वाले चौथे ही तेज गेंदबाज बने। उनसे पहले साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल जॉनसन और पैट कमिंस ही बतौर पेस बॉलर इस अवॉर्ड को जीत पाए थे।

# लक्ष्य सेन, अंकिता ध्यानी एथलीट परेड में करेंगे उत्तराखंड का नेतृत्व



एजेंसी

**देहरादून** : ओलंपिक खेलों के बैडमिंटन सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी और उत्तराखंड के गर्व, लक्ष्य सेन, और ओलंपिक लंबी दूरी की धावक अंकिता ध्यानी, 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में उत्तराखंड के ध्वजवाहक की भूमिका निभाएंगे। यह समारोह आज देहरादून में आयोजित किया जा रहा है।

**अपने-अपने राज्यों का नेतृत्व करनेवाले अन्य प्रमुख ध्वजवाहकों में शामिल हैं**

**एलावेनिल** वलारिवन (गुजरात): 2019 विश्व चैंपियन और ओलंपियन 10 मीटर एयर राइफल शूटर। अदिति स्वामी (महाराष्ट्र): महिला कंपाउंड तीरंदाजी की 2023 विश्व चैंपियन। ओमप्रकाश मिथ्रवाल (राजस्थान): 2018 विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर पिस्टल स्वर्ण पदक विजेता।

राजस्थान की ओर से ओमप्रकाश के साथ निशा कंवर भी ध्वजवाहक होंगी। निशा सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित हैं और 2023 विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट चैंपियनशिप में मिश्रित टीम एयर पिस्टल में पोडियम फि निश हासिल कर चुकी हैं। उनकी उपस्थिति भारतीय ओलंपिक संघ के समावेशिता के उद्देश्य को दशार्ती है।

# एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी डब्ल्यूसीएल में करेंगे साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर आई है। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने चार साल के लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट में अपनी वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम की कप्तानी करेंगे। यह टी20 टूनार्मेंट सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों को एक साथ लाकर प्रशंसकों को पुरानी यादों और रोमांच का अनुभव कराने का वादा करता है। डिविलियर्स का बयान डब्ल्यूसीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में एबी डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले, मैंने क्रिकेट से संन्यास लिया क्योंकि खेलने की मेरी इच्छा खत्म हो गई थी। लेकिन मेरे छोटे बेटों के साथ बगीचे में क्रिकेट खेलते-खेलते मेरे अंदर की लौ फिर से जल उठी। अब मैं जिम और नेट्स पर वापसी कर रहा हूं और जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा। डिविलियर्स की निडर बल्लेबाजी और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा ने हमेशा प्रशंसकों का दिल जीता है। उनकी वापसी की खबर से क्रिकेट जगत में नई ऊर्जा भर गई है। गेम चेंजर्स टीम के लिए बड़ी उपलब्धि डिविलियर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे, जो पहले सीजन में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन, और इमरान ताहिर जैसे दिग्गजों से सजी हुई थी। टीम के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने कहा, 'हम डब्ल्यूसीएल में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रदर्शित करने को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं।




# नेमार ने आपसी सहमति से सऊदी क्लब अल-हिलाल को कहा अलविदा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर नेमार ने सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल के साथ अपने अनुबंध को आपसी सहमति से समाप्त कर दिया है। क्लब ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की और नेमार के करियर की आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

**अल-हिलाल का बयान**

**सोशल** मीडिया पर जारी किए गए क्लब के बयान में कहा गया, ₹क्लब नेमार को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।

**सऊदी क्लब में चोटों से प्रभावित रहा सफर**

**32 वर्षीय** नेमार, जो अगस्त 2023 में अल-हिलाल का हिस्सा बने थे, चोटों के कारण अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर सके। क्लब में शामिल होने के बाद उन्होंने सिर्फ 7 मैच खेले, जबकि उ ना क ा सालाना वे ता न




लगभग 104 मिलियन डॉलर था। अक्टूबर 2023 में ब्राजील के लिए विश्व कप क्वालीफायर में खेलते हुए नेमार को क्रूसिएट लिगामेंट की चोट लगी, जिसके चलते उन्हें लगभग एक साल तक मैदान से दूर रहना पड़ा। हालांकि, उन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2024 में मैदान पर वापसी की, लेकिन हैमस्ट्रिंग की चोट ने उनकी वापसी को सीमित कर दिया।

**नेमार का भविष्य : अमेरिका या ब्राजील?**

**नेमार** ने हाल ही में कहा था कि उनका लक्ष्य 2026 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेना है, जो अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। उन्होंने सीएनएन से कहा, यह मेरा आखिरी विश्व कप होगा, और मैं इसे खेलने के लिए पूरी कोशिश करूंगा। नेमार के लिए अमेरिका की एमएलएस लीग और उनके पुराने क्लब सैंटोस से जुड़ने की चर्चा चल रही है। सैंटोस वही क्लब है, जहां उन्होंने अपना नाम बनाया और 177 मैचों में 107 गोल किए थे।

# रांची की लगातार दूसरी जीत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : धनबाद में खेले जा रहे जे से सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 एलीट ग्रुप में आज रांची ने बोकारो को 278 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 387 रन बनाए। विवेक कुमार ने शानदार 167 रन की पारी खेली अनमोल राज ने नाबाद 99 रन वत्सल तिवारी ने 70 रन का योगदान दिया उत्तम ने 64 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया जवाब में बोकारो की पूरी टीम 28.5 ओवर में 109 रन पर सिमट गयी। राधे श्याम ने 22 और अर्जुन प्रियदर्शी ने 16 रन का योगदान दिया। ईशान ओम ने 18 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए अनमोल राज ने भी 2 विकेट प्राप्त किया। विवेक की शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में विजेता ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए इटली के जैनिक सिनर।

# आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू होने की घोषणा की

एजेंसी

**दुबई** : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषणा के बाद ही 19 फरवरी से होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो गयी है। प्रशंसकों को टिकटों के लिए आईसीसी की अधिकारिक वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करना होगा। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, हम आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए आधिकारिक टिकटों की बिक्री की घोषणा शुरू करने को लेकर उत्याहित हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सबसे कम कीमत का टिकट 1000 पाकिस्तानी रुपए (लगभग 310 भारतीय रुपये) रखा है जबकि प्रीमियम सीटिंग टिकट की सबसे कम कीमत कीमत 1500 पाकिस्तान रुपए (लगभग 465 भारतीय रुपये) रहेगी। 9 मार्च को आयोजित होने वाले फाइनल का टिकट दुबई में खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कर रहा है। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होंगे। पाकिस्तान चरण के लिए टिकटों की बिक्री आज शुरू हुई पर अभी तक मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) स्टेडियमों का नवीनीकरण कार्य तक पूरा नहीं करा पाया है।

# श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत करेंगे ट्रेविस हेड

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : ऑस्ट्रेलिया ने गाले में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उस्मान ख्वाजा के सलामी जोड़ीदार के रूप में ट्रेविस हेड को चुना है। ख्वाजा के साथ पहले नाथन मैकस्वीनी और बाद में सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में जोड़ी बनाई थी। लेकिन अब उपमहाद्वीप दौरे के लिए, वे उस फॉमूर्ले पर वापस जा रहे हैं जो 2023 में भारत दौरे के दौरान कारगर साबित हुआ था और टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजी क्रम के साथ लचीलापन रखने के बारे में उन्होंने जो विचार रखा था, उसे और आगे बढ़ा रहे हैं। मैच से एक दिन पहले स्टीव स्मिथ ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उन्होंने (हेड) भारत में नई गेंद के खिलाफ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पिनरों पर तुरंत दबाव डाला और हम जानते हैं कि अगर वे ऐसा करते हैं तो वे सीम को कितनी अच्छी तरह हिट करते हैं। उन्हें देखना मजेदार होगा। स्मिथ ने हालांकि अंतिम एकादश का नाम बताने से मना कर दिया, उन्होंने इंतजार करने और परिस्थितियों को देखने को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा, हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि हमें क्या मिलता है, शायद खेल की सुबह, और फिर वहाँ से आगे बढ़ेंगे। लेकिन चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं,



दुनिया के इस हिस्से में, सूरज बहुत ज्यादा नहीं निकला है। इसलिए हम विकेट पर एक बार फिर नजर डालेंगे, और फिर वहां से, हम टॉस के समय टीम का नाम तय करेंगे। इसका मतलब यह हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया 19 वर्षीय कोंस्टास को बाहर रखने पर विचार कर सकता है, जिसने अपने करियर की शुरूआत में ही अपनी छाप छोड़ी थी। स्मिथ ने अभी भी उन्हें टीम में रखने के सकारात्मक पहलुओं को देखा। उन्होंने कहा, अगर वह नहीं खेलता है तो उसे यहाँ बहुत अभ्यास करना होगा, जो अपने आप में विकास के लिए बहुत बढ़िया है। आप जानते हैं, मुझे केवल 2013 के बारे में सोचना है, जब मैंने पहले कुछ टेस्ट नहीं खेले थे, और नेट पर मैंने जितनी गेंदें खेली थीं, और नेट गेंदबाजों का सामना करने से मैंने जो कौशल विकसित किए थे और इस तरह की चीजें। इसलिए चाहे वह खेले या नहीं, मुझे लगता है कि यह उसके लिए एक शानदार अनुभव होने वाला है। वह बहुत कुछ सीखने वाला है। इसके अलावा, स्मिथ ने पुष्टि की कि वह बिग बैश लीग में खेलते समय लगी कोहनी की चोट से अच्छी तरह से उबर चुके हैं, जिसने दौरे से पहले चिंता पैदा कर दी थी। उन्होंने कहा, सौभाग्य से यह मुख्य रूप से मांसपेशियों की चोट थी, यह बहुत जल्दी ठीक हो गयी।

# बिहार शुरू करेगा ग्रामीण क्रिकेट लीग जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

एजेंसी

**पटना** : बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) की शुरूआत करने का ऐलान किया है। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में यह लीग उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करेगी, जिन्हें अब तक जिला या राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिला है। इस पहल के साथ ही, बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग आयोजित करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं की खोज**

**बीसीए** का उद्देश्य गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और ब्लॉक स्तर पर छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें राज्य की मुख्यधारा में लाना है। इस लीग में 13 से 23 वर्ष की आयु के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को भविष्य में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए बड़े मंच प्रदान किए जाएंगे। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) हमारी एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत हम उन खिलाड़ियों की खोज करेंगे, जिन्हें अब तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिला। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें तराशा जाए और क्रिकेट की मुख्यधारा में लाया जाए।

**लीग का ढांचा और प्रारूप**

**लीग** की शुरूआत सभी जिलों में टैलेंट हंट कार्यक्रमों के आयोजन से होगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन कर 16 टीमें बनाई जाएंगी, जो जिला स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। प्रत्येक जिले में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिसमें 8 लीग मैच, 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और 1 फाइनल शामिल होगा।

